रविवार
20 नवम्बर 2022
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



यमुना सिंह के बेटे का आरोप, विधायक के दबाव में डीएसपी ने कराया था गिरफ्तार 3



## बीपीएससी 68वी प्रारंभिक परीक्षा के लिए 25 से होगा आवेदन

**पटना।** बीपीएससी ने 68वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा के लिए नोटिस जारी कर दिया है। इसके अनुसार इसके जरिए कुल 281 रिक्त पदों पर भर्तियां की जाएंगी। उम्मीदवार बीपीएससी 68वी प्रारंभिक परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 25 नवंबर से कर सकते हैं। वहीं आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 दिसंबर 2022 निर्धारित की गई है। बता दें कि उम्मीदवार बीपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट bpsc.bih.nic.in पर जाकर परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इस नोटिफिकेशन के जरिए इस बार कुल 281 रिक्त पदों पर भर्तियां होंगे जिसमें 77 पद महिलाओं के लिए आरक्षित है। इस भर्ती प्रक्रिया में बिहार सरकार के विभिन्न विभागों में अलग-अलग पद शामिल है। वैकेंसी की पूरी डिटेल जानने के लिए एक बार नोटिस को अच्छी तरीके से पढ़ लें। मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक अथवा समकक्ष पास उम्मीदवार, हालांकि जिला अग्निशमन पदाधिकारी के लिए विज्ञान से ग्रेजुएशन अथवा फायर इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन अथवा यांत्रिकी /ऑटोमोबाइल में इंजीनियरिंग से ग्रेजुएट होना आवश्यक है।

### वाराणसी में आयोजित काशी के तमिल संगमम कार्यक्रम में शामिल हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# काशी और तमिलनाडु दोनों शिवमय व शक्तिमय हैं : मोदी

- काशी और तमिलनाडु दोनों आचार्यों की भूमिः मोदी
- काशी में बाबा विश्वनाथ हैं तो तमिलनाडु में भगवान रामेश्वरम का आशीर्वाद, दोनों शिवमय और शक्तिमय हैं

**एजेंसी/वाराणसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में काशी के तमिल संगमम्‌ कार्यक्रम का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि काशी तमिल संगमम अपने आप में विशेष है। उन्होंने कहा कि काशी विश्व का सबसे प्राचीन शहर है। पीएम मोदी ने कहा कि काशी और दक्षिण में तमिलनाडु के सांस्कृतिक सहअस्तित्व और उसके महत्व को रेखांकित किया। भारत के इस सांस्कृतिक एकभाव को प्रदर्शित करते हुए उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि काशी में बाबा विश्वनाथ हैं तो तमिलनाडु में भगवान रामेश्वरम का आशीर्वाद है। दोनों शिवमय और शक्तिमय हैं। काशी और कांची के रूप में दोनों स्थानों की सप्तपुरियों में अपनी महत्ता है। काशी और तमिलनाडु दोनों आचार्यों की भूमि है। काशी तमिल संगमम' को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि काशी तुलसीदास की भूमि है तो तमिलनाडु संत तिरूवल्लुवर का आशीर्वाद है। उन्होंने काशी और तमिलनाडु की संगीत और सांस्कृतिक एकरूपता को प्रतिपादित करते हुए बताया कि काशी और तमिलनाडु दोनों संगीत और कलाकारों की भूमि है। काशी में तबला तो दक्षिण मृदंगम जैसे तालवाद्य हैं। काशी की साड़ी विश्वप्रसिद्ध है तो तमिलनाडु की कांजीवरम सिल्क की साड़ी दुनिया में अपना स्थान रखती है।

**हमारे देश में संगमों का बड़ा महत्व रहा है: पीएम मोदी**

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक ओर पूरे भारत को अपने आप में समेटे हमारी सांस्कृतिक राजधानी काशी है, तो दूसरी और, भारत की प्राचीनता और गौरव का केंद्र, हमारा तमिलनाडु और तमिल संस्कृति है।

ये संगम भी गंगा यमुना के संगम जितना ही पवित्र है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे देश में संगमों का बड़ा महत्व रहा है। नदियों और धाराओं के संगम से लेकर विचारों-विचारधाराओं, ज्ञान-विज्ञान और समाजों-संस्कृतियों के संगम का हमने जश्न मनाया है। इसलिए काशी तमिल संगमम अपने आप में विशेष है, अद्वितीय है। काशी और तमिलनाडु दोनों शिवमय हैं, दोनों शक्तिमय हैं। एक स्वयं में काशी है, तो तमिलनाडु में दक्षिण काशी है। काशी-कांची के रूप में दोनों की सप्तपुरियों में अपनी महत्ता है। गौरतलब है कि 'काशी तमिल संगमम' में आए सभी तमिल संतों ने किए काशी विश्वनाथ के दर्शन किए। यह संगमम एक माह तक चलेगा।





## पीएम मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में ग्रीनफील्ड डोनी पोलो एयरपोर्ट का किया उद्घाटन

**इटानगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अरुणाचल प्रदेश में डोनी पोलो एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। यह पहला ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा है। अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर से करीब 15 किलोमीटर की दूरी पर होलोंगी स्थित यह हवाई अड्डा इस सीमावर्ती राज्य को कॉमर्शियल उड़ानों के जरिये देश के अन्य शहरों के साथ और अरुणाचल प्रदेश के अन्य हिस्सों को हेलीकॉप्टर सेवाओं के माध्यम से जोड़ेगा। एयरपोर्ट की आधारशिला मोदी ने फरवरी 2019 को रखी थी। मोदी ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में ढांचागत विकास के लिए निकट भविष्य में 50 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

## पटना यूनिवर्सिटी छात्रसंघ चुनाव के दौरान चली गोलियां

**पटना।** पटना यूनिवर्सिटी छात्रसंघ चुनाव को लेकर चल रहे मतदान के दौरान शनिवार की दोपहर गोलियां चलने से दहशत का माहौल कायम हो गया था। पटना कॉलेज के बाहर अशोक राजपथ पर अचानक दोपहर 2 बजे के बाद गोलियां तड़ताड़ाने की आवाज आई और देखते ही देखते पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। कहा जा रहा है कि करीब 4 से 5 राउंड गोली चली जिसके बाद भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। जानकारी के अनुसार मतदान स्थल के ठीक बाहर दो गुटों में झड़प हुई। घटनास्थल पर पहुंचे टाउन डीएसपी अशोक कुमार सिंह ने कहा कि गोलीबारी की घटना चुनाव हो जाने के बाद हुई है।

## नालंदा में राजद नेता की गोली मारकर हत्या

**नालंदा।** नालंदा में शनिवार की सुबह एक अधेड़ का शव पईन में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मामला हिलसा प्रखंड क्षेत्र के खजुरिया बाबा के समीप का है। मृतक की पहचान चिकसौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरावां गांव निवासी 50 वर्षीय ललित यादव के रूप में की गई है। ललित राजद के सक्रिय कार्यकर्ता थे एवं उनकी पत्नी कोरावां पंचायत की उपसरपंच हैं। बदमाशों ने सिर में गोली मार राजद कार्यकर्ता की हत्या कर शव को पईन में फेंक दिया है। परिजन ने बताया कि ललित जहानाबाद जिला के ओकरी थाना क्षेत्र अंतर्गत अपने ससुराल कुरुआ गांव से बाइक से घर लौट रहे थे। इसी बीच बदमाशों ने उनके सिर में 3 गोली मार शव को पईन में लाकर फेंक दिया।

# सरकारी भवनों के मेंटेनेंस पर विशेष ध्यान दें विभाग : नीतीश



- जितने इंजीनियर व कर्मियों की जरूरत हो उनकी बहाली कराएं
- अनुरक्षण एवं मरम्मति के क्रियान्वयन के जो नियम बनाएं उसका ठीक से अध्ययन कर लें

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को पटना में भवन निर्माण विभाग, पथ निर्माण विभाग और ग्रामीण कार्य विभाग के अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी भवनों का बेहतर रखरखाव एवं संचालन जरूरी है। सभी कार्य विभाग मेंटेनेंस अपने विभाग के द्वारा ही कराएं, इसके लिए आवश्यकतानुसार जितने अभियंताओं और कर्मियों की आवश्यकता हो उनकी बहाली कराएं। अनुरक्षण एवं मरम्मति के क्रियान्वयन हेतु जो नियम बनाएं उसका ठीक से अध्ययन कर लें। मेंटेनेंस की जो पॉलिसी बनाई जाए, वो बेहतर और स्पष्ट हो। सरकारी भवनों के मेंटेनेंस का तात्पर्य है कि पूरे परिसर का बेहतर ढंग से साफ-सफाई, लगाए गए पेड़-पौधों का ठीक ढंग से रखरखाव एवं भवनों की सुरक्षा के साथ-साथ सभी चीजें व्यवस्थित रहें। इससे भवन देखने में काफी सुंदर लगेगा। अभियंता निर्माण के साथ-साथ मेंटेनेंस पर विशेष ध्यान दें, फिजिकली भी निरीक्षण करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में हमलोगों ने कई आईकोनिक बिल्डिंग्स बनाई हैं। राजगीर में इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर बनाया गया है। पटना में सरदार पटेल भवन, बिहार म्यूजियम और सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र काफी बेहतर बनाया गया है। सबका मेंटेनेंस भी बहुत अच्छे ढंग से हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, गृह विभाग में अलग से कॉरपोरेशन बनाकर भवनों के निर्माण की जिम्मेवारी दी गई है। ग्रामीण कार्य विभाग और पथ निर्माण विभाग के द्वारा बेहतर सड़क और पुल-पुलियों का निर्माण कराया गया है। हमलोगों का उद्देश्य सिर्फ बेहतर सड़क और पुल-पुलियों का निर्माण करना ही नहीं है बल्कि उसका मेंटनेंस भी उतना ही जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग द्वारा मेंटेनेंस करवाने से खर्च में भी बचत होगी और लोगों को नौकरी और रोजगार के अवसर मिलेंगे। बैठक में वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी, विकास आयुक्त विवेक कुमार सिंह व अन्य उपस्थित थे।

## चक्रधरपुर रेल मंडल में मालगाड़ी का इंजन बदलते समय दो लोको पायलट की मौत

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर रेल मंडल में डयूटी पर तैनात दो लोको पायलट की मौत की सूचना है। घटना राजखरसावां रेलवे स्टेशन के यार्ड की बतायी जा रही है जहां, हावड़ा मेल ट्रेन की चपेट में आने से दो लोको पायलटों की मौत हुई। घटना शनिवार रात 12 बजे के आसपास की है। दोनों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल शनिवार की सुबह साढ़े आठ बजे पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार लोको पायलट टीके सहाना तथा सहायक लोको पायलट मो अख्तर आलम राजखरसावां रेलवे स्टेशन के यार्ड में मालगाड़ी का इंजन बदल रहे थे। इसी दौरान हावड़ा मेल एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। लोको पायलट टीके साहाना पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा निवासी हैं। जबकि सहायक लोको पायलट मो अख्तर आलम बनपुर का है। दुर्घटना के बाद ही रात को दोनों की शव को चक्रधरपुर लाया गया था। शवों को रेलवे अस्पताल चक्रधरपुर के मर्सरी में रखे गए थे।

## राज्य सरकार सरकारी बंगले को लेकर कर रही एकतरफा कार्रवाईः जायसवाल

- बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संजय जायसवाल ने मुख्यमंत्री पर बोला हमला

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के माननीयों को मिलनेवाले सरकारी बंगले को लेकर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष डा. संजय जायसवाल ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली है। उन्होंने कहा है कि बिहार सरकार सरकारी बंगले को लेकर एकतरफा कार्रवाई कर रही है। एक तरह हमारे दोनों उप मुख्यमंत्री रेणु देवी और तार किशोर प्रसाद के साथ नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा को जल्द बंगला खाली करने के लिए नोटिस दे रही है। उनसे जुमार्ना वसूला जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ नीतीश कुमार के गुर्गे, जिनकी विधान परिषद की सदस्यता छह माह पहले ही समाप्त हो गई है। उनका बंगला खाली कराने के लिए कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। ऐसा सिर्फ इसलिए क्योंकि उन्हें नीतीश कुमार का सपोर्ट मिल रहा है। वह मुख्यमंत्री के एजेंट हैं। संजय कुमार ने नीतीश कुमार के गुर्गे का नाम नहीं लिया, लेकिन इशारों में यह साफ कर दिया कि उनका इशारा किसे पूर्व विधान परिषद सदस्य की तरफ था। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने कुढ़नी उप चुनाव में अपने गुर्गे की पार्टी से उम्मीदवार खड़ा कराया है। ताकि वह बीजेपी के वोट काट सकें। इस दौरान जाति आधारित चुनाव होने पर अपनी सफाई देते हुए उन्होंने कहा कि बीजेपी हमेशा अपने काम को लेकर वोट मांगती है।

## रैगिंग के नाम पर लड़की को किस करने का वीडियो वायरल

**गंजम।** ओडिशा में एक कॉलेज में रैगिंग के नाम पर लड़की और लड़के को जबरन किस कराने का मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। इस मामले में पांच स्टूडेंट्स को हिरासत में लिया गया है। मामला गंजम जिले के बिनायक एकेडमी कॉलेज बेरहामपुर का बताया जा रहा है। बेरहामपुर के रढ सरबन विवेक एम ने बताया कि 5 स्टूडेंट के खिलाफ रैगिंग और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मुख्य आरोपी अंतिम वर्ष का छात्र अभिषेक नाहक है। वीडियो में देखा जा सकता है कि सीनियर्स फर्स्ट ईयर की एक लड़की और लड़के को आपस में किस करने के लिए मजबूर कर रहे हैं।

## होटल रेडिसन ब्लू के मालिक अमित जैन ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली।** गाजियाबाद के फाइव स्टार होटल रेडिसन ब्लू के मालिक अमित जैन ने सुसाइड कर लिया। अमित ने दिल्ली के खेलगांव स्थित घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या की। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। खुदकुशी के पीछे कारोबार में बड़ा घाटा बताया जा रहा है। हालांकि, पारिवारिक सूत्र अभी खुलकर बोलने के लिए तैयार नहीं है। रेडिसन ब्लू होटल गाजियाबाद में मेरठ-दिल्ली एक्सप्रेस-वे के किनारे कौशांबी में स्थित है। फाइव स्टार होटल के बराबर में ही रेडिसन टॉवर है, जो रेजिडेंशियल है। इसके मालिक अमित जैन मूल रूप से बागपत के रहने वाले थे। लेकिन, बहुत लंबे वक्त से वह परिवार सहित दिल्ली के खेलगांव स्थित फ्लैट में रहते थे।

# असम के एक मदरसे पर बच्चों को जिहादी विचारधारा सिखाने के आरोप में प्राथमिकी

**एजेंसी/गुवाहाटी**

असम के कछार जिले में एक निजी मदरसे के खिलाफ कथित तौर पर 'जिहादी विचारधारा सिखाने' के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है। सोनाई क्षेत्र के रहने वाले साहबउद्दीन खान ने कहा कि उनका बेटा सेन स्वाधीन बाजार इस्लामिया मदरसा में छात्र है। उन्होंने मुख्य शिक्षक अबुल हुसैन लस्कर और सचिव दिलवर हुसैन मजूमदार पर उनके बेटे को पीटने और मदरसा परिसर में बंद करने का आरोप लगाया। खान ने लस्कर पर उनके बेटे को नस्लभेदी और संविधान विरोधी गतिविधियों के लिए उकसाने का भी आरोप लगाया। शिकायत पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। इस बीच, 14 वर्षीय सेन ने दावा किया कि जिहादी विचारधारा सिखाने के लिए शिक्षक रात में विशेष कक्षाएं संचालित करते थे।उन्होंने आगे कहा, वे कहते थे कि अगर वे हिंदुओं को खत्म करते हैं, तो उन्हें खुदा का आशीर्वाद मिलेगा। युवक ने कहा कि वह कुछ दिनों से चोट से पीड़ित था और उसने विशेष कक्षाओं में शामिल होने से इनकार कर दिया। कछार जिले के पुलिस अधीक्षक नुमल मेहता ने कहा कि पुलिस मामले की सभी कोणों से जांच कर रही है और किसी जिहादी गतिविधियों से जुड़े होने की भी जांच की जाएगी। हालांकि, मदरसा की प्रबंधन समिति ने आरोपों को झूठा और मनगढ़ंत बताते हुए खारिज कर दिया है।

## महिला का आरोप... पति ने हिन्दू बनकर धोखे से की शादी, अब धर्म बदलने का बना रहा दबाव

**कटिहार।** बिहार के कटिहार में रह रही एक हिंदू महिला ने अपने मुस्लिम पति पर इस्लाम धर्म अपनाने का दबाव डालने का आरोप लगाया है। महिला का आरोप है कि उसके पति ने छह साल पहले खुद को हिंदू बताकर उससे शादी की थी। अब जब उसने इस्लाम धर्म अपनाने से मना किया तो उसका पति उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है। महिला का नाम जूली और उसके पति का नाम तौफीक है। तौफिक दुबई में रहकर वहां नौकरी करता है। महिला ने इस मामले की पुलिस से शिकायत की है।

डीजिटल संस्करण
संपर्क सूत्र
9122915443
9931711972
8936046900
केशव टाइम्स
आपकी आवाज



वेब पोर्टल : keshavtimes.com
अपने गांव
अपने शहर
की हर खबर
पढ़ें और पढ़ाएं
यूपी, बिहार व झारखंड की खबरों पर हमारी पैनी नजर
आपकी समस्याओं का होगा निदान
हमारे रिपोर्टर: गाजीपुर, मऊ, बलिया, वाराणसी, लखनऊ, बक्सर ,रोहतास ,भोजपुर, जहानाबाद, अरवल, पटना में
शहर से लेकर गांव तक की हर गतिविधियों पर है हमारे रिपोर्टरों की नजर, क्योंकि हम हैं आपके लिए 24 घंटे तत्पर
keshavtimes keshavtimes keshavtimes

## एक नजर

### जिप की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय



**जहानाबाद।** समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेक्स भवन में जिला परिषद की सामान्य बैठक जिला परिषद अध्यक्ष रानी कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। सर्वप्रथम उपस्थित माननीयगण एवं सभी जिला परिषद के सदस्यगणों एवं प्रखंडों प्रमुखगणों का बैठक में पौधा देकर स्वागत किया गया। जिला परिषद की सामान्य बैठक में मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सुधा गुप्ता ने जिप के एजेंडों से अवगत कराया। जिसमें गत बैठक का अनुपालन एवं संपुष्टि, विभिन्न विभागों की समीक्षा, पंचम वित्त आयोग में प्राप्त राशि के विरुद्ध योजना सूची को पारित करना, षष्टम वित्त आयोग 2022-23 की योजना सूची को पारित करने आदि संबंधित विषयों पर निर्णय लिया। बैठक में सभी संबंधित विभागों यथा शिक्षा विभाग, आपूर्ति विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, आईसीडीएस, सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई विभाग, मनरेगा, ग्रामीण कार्य विभाग, उद्योग विभाग एवं अन्य विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारीगण द्वारा माननीय सदस्यों के द्वारा उठाए गए प्रश्नों एवं जनउपयोगी समस्याओं पर सार्थक चर्चा की गई। बैठक में जिला परिषद से क्रियान्वित योजनाओं पर चर्चा की गई। जिसमें सदन के द्वारा पूर्व से लंबित योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण कराने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में अध्यक्षा द्वारा बताया गया कि इस सदन के माध्यम से जिले में विकास के कार्यों को तीव्र गति से पूर्ण कराया जाए। बैठक में जिला परिषद उपाध्यक्ष, माननीय विधायक घोषी, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद तथा अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी एवं सभी संबंधित विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित हुए।

### ट्रेन से कटकर वृद्ध व्यक्ति की घटनास्थल पर हुई मौत

**जहानाबाद।** जिले के मखदुमपुर थाना क्षेत्र के सामोचक गांव के समीप पटना गया रेलखंड पर एक वृद्ध व्यक्ति की ट्रेन से कटकर घटना स्थल पर हुई मौत। मृतक की पहचान सामोचक निवासी नारंगी मांझी 70 वर्ष के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार मृतक नारंगी मांझी को कम दिखता था और वे शौच के लिए रेलवे ट्रैक के किनारे गए थे। इसी दौरान गया से पटना जा रही मेमु पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं घटना की सूचना पाकर घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गए जिसके बाद ग्रामीणों ने रेल थाने को इस मामले में सूचित किया। जिसके बाद रेल थाना की घटनास्थल पर पहुँची और शव को कब से मैं लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल ले गई है।

### हत्या के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास और अर्थदंड की सजा

**जहानाबाद।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय पुष्पम कुमार झा ने हत्या के मामले में एक आरोपी को आजीवन कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है। सहायक लोक अभियोजक कमलेश प्रसाद ने बताया कि इस वाद के फरियादी ग्राम बंधुचक थाना पाली निवासी दिपेन्द्र कुमार ने पाली थानाअकांड संख्या 16/19 में रिपोर्ट लिखाई थी कि 15 व 16जून 2019 को रात्रि करीबन 2:45 बजे ग्राम बंधुचक थाना पाली जिला जहानाबाद में बेलदारी चक पटना से आए बाराती में सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहा था। तो आरोपी विरेंद्र यादव ने अन्य साथियों के साथ मिलकर अपने झोला से बम फेंका। जिसमें 5 आदमी जख्मी हुए जिसमें अमरजीत बिंद, सरोज एवं जगदीश प्रसाद की मृत्यु हो गई थी, तथा हरेंद्र कुमार और विमलेश मिस्त्री गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। न्यायालय ने कुल आठ साक्षीयों के साक्ष्यों, अभियोजन के तर्कों तथा न्यायिक-दृष्टांतों से सहमत होते हुए अभियुक्त वीरेंद्र यादव पिता स्वर्गीय जगदीश यादव ग्राम वेलदारीचक थाना सिगोड़ी जिला पटना को मृतक अमरजीत बिंद, सरोज एवं जगदीश प्रसाद की हत्या का दोषी मानते हुए भादवि की धारा 302,में आजीवन कारावास तथा 25-25 हजार रुपए के अर्थदंड एवं धारा 307 में 10 वर्ष की सजा एवं 15000 रूपए के अर्थदंड से दंडित किया। एक्सपलोसिव एक्ट के तहत 10 वर्ष की सजा एवं 15000 रुपए के अर्थदंड सहित कुल एक लाख पांच हजार के अर्थदंड से दण्डित किया। अर्थदंड की रकम नहीं देने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# बक्सर में विश्व प्रसिद्ध सिय पिय मिलन महोत्सव का आगाज 21 से, 26 को आएंगे मोहन भागवत

- कार्यक्रम की साक्षी बनने के लिए जुटने लगे हैं देश के कोने कोने से साधु संतों की टोली
- नया बाजार स्थित आश्रम में कार्यक्रम को लेकर अंतिम चरण में चल रही तैयारी



श्रद्धालुओं के लिए तैयार होता विशाल टेंट

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला मुख्यालय स्थित नई बाजार नगर के नया बाजार स्थिते श्रीसीतो राम विवाह आश्रम पर नौ दिवसीय श्रीसिये पिये मिलन महोत्सव का आयोजन 21 नवंबर से शुरू होगा। कार्यक्रम 29 नवंबर तके चलेगा। इसको लेकर तैयारी अंतिम चरण में चल रही है। श्रीसीतारामे विवाह महोत्सव आश्रम के महंत श्री राजाराम शरण दास जी महाराज ने कहा कि कार्यक्रम का साक्षी बनाने के लिए हर साल विदेशों तक के श्रद्धालु पहुंचते है। विशेष तौर पर पुष्पवाटिका प्रसंग को कोई भी श्रद्धालु देखने से नहीं चुकतो है। जिसके लिए कई बीघा में लगा टेंट भी काफी छोटो पडे जातो है। कोरोना संक्रमण काल में छोटे पैमाने पर कार्यक्रम होने के बाद भी अपारे भीड़े लगी। इस बार संक्रमण का प्रभाव नहीं होने के कारण अपार जनसमूह नौ दिनों तके उमड़ेगी। जिसको देखते हुए इस वर्ष और भी बड़ा टेंट लगाया जा रहा है।प्रसाद ग्रहण कराने के स्थान में भी परिवर्तन किया गयो है। जिससे कार्यक्रम संचालन में किसी तरह की परेशानी नहीं हो। बताया जाता है कि कार्यक्रम को लेकर आश्रम के दक्षिण स्थित खाली जगह पर विशाल मंच एवं टेंट का निर्माण हो गयो है। जिसको अंतिम रूप देने में कारीगर लगे हुऐ है। वहीं, कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दूर दराज से आश्रम की स्वेच्छा से सेवाभाव से सेवा करने वाले सेवादार पहुंचने लगे है। कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए लगभग सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। ज्ञात हो कि प्रति वर्ष इसे अदभूते एवं आपने आप में पूरी दुनिया में इकलौता कार्यक्रम की साक्षी बनने के लिए साधु संतों के साथ

### नौ दिनों तक सुबह से देर रात तक बहेगी भक्ति की बयार 24 घंटे होगा हरीसंकीर्तन

नई बाजार 21 नवंबर से धार्मिक नगरी के रूप में तब्दिल हो जाएगा। जहां से 24 घंटे भक्ति की बयार बहेगी। मंत्रो के उच्चारण से गुंजायमान हो जाएगा। नौ दिनों तक पूरे दिन और रात मध्य प्रदेश दमोह से आई श्रीहरिनाम संकीर्तन मंडली द्वारा 24 घंटे हरीसंकीर्तन का आयोजन, आश्रम के परिकरों द्वारा श्रीराम चरितमानस का सामुहिक नवाह परायण पाठ प्रतिदिन 6 बजे से 9 बजे सुबह तक, वृंदावन के श्रीकुंज बिहारी शर्मा के रामलीला एवं कृष्णलीला का आयोजन, विश्वनाथ शुक्ल श्रृंगारी द्वारा मिथिला पदगायन अपराहन 3 बजे 6 बजे तक। वहीं प्रख्यात कथावाचक इंद्रेश उपाध्याय के मुखारविंद से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा।

### 26 को देश के विभिन्न आश्रमों पहुंचेंगे संत एवं महात्मा

श्रीसीताराम विवाह आश्रम पर 53वां परिर्निवाण कार्यक्रम का साक्षी बनने के लिए आरएसएस संघसरचालक मोहन भागवत नया बाजार स्थित कार्यक्रम में पधारेंगे। वहीं 26 नवंबर को ही देश के विभिन्न आश्रमों से संत एवं महात्मा भी पहुंचेंगे।जिनमे जगद्गुरू श्रीसंकराचार्य श्रीज्योतिष पीठाधीश्वर जी महाराज वासुदेवानंद सरस्वती जी महाराज, लक्ष्मण कीलाधीश अयोध्या श्री मैथिली शरण रमण जी महाराज, मल्लूक पीठाधीश्वर जगद्गुरू देवाचार्य श्रीराजेंद्र दास जी महाराज शामिल होंगे।

## एक पिस्टल, दो मैगजीन, आठ गोलियां, एक चाकू, एक बाइक व दो मोबाइल बरामद

# डकैती की साजिश रचते अंतर जिला गिरोह के पांच बदमाश हथियार के साथ गिरफ्तार

- बड़हरा थाना क्षेत्र के देवरथ गांव स्थित चिमनी के पास रात में पकड़े सभी बदमाश
- पूछताछ के बाद पुलिस ने पांचों बदमाशों को भेजा जेल

**केटी न्यूज/आरा**



गिरफ्तार बदमाश





जानकारी देते एसपी

जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के देवरथ गांव स्थित एक बंद मकान से पुलिस ने हथियार के साथ अंतर जिला गिरोह के पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। पांचों को शुक्रवार की देर रात डकैती की प्लानिंग करते पकड़ा गया है। अपराधियों के पास से एक पिस्टल, दो मैगजीन, नाइन एमएम की आठ गोलियां, एक चाकू और 220 सीसी की एक पल्सर बाइक बरामद की गयी है। गिरफ्तार बदमाशों में बड़हरा थाना क्षेत्र के देवरथ गांव निवासी महेश सिंह का पुत्र दीपक सिंह, बालेश्वर सिंह के पुत्र रोहित सिंह उर्फ लल्लू, नारायणपुर थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव निवासी राधा मोहन सिंह के पुत्र कमलेश कुमार, कृष्णा पांडेय के पुत्र श्रीनिवास पांडेय और बक्सर के मुरार थाना क्षेत्र के वीरपुर गांव निवासी बिजेंद्र सिंह के पुत्र राजाबाबू शामिल है। इनका पूर्व से आपराधिक इतिहास और दूसरे जिले से कनेक्शन रहा है। एसपी संजय कुमार सिंह की ओर से शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी है।

उन्होंने बताया कि शुक्रवार की मध्य रात देवरथ गांव स्थित चिमनी के पास एक बंद पड़े घर की छत पर कुछ अपराधियों के जमा होने और डकैती की प्लानिंग किये जाने की सूचना मिली। उस आधार पर बड़हरा थानाध्यक्ष जयंत प्रकाश के नेतृत्व में टीम बनाकर छापेमारी की गयी। उस क्रम में उस घर की छत से पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान बदमाशों के पास से हथियार और गोलियों के अलावे दो मोबाइल भी बरामद किया गया है। सभी के आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है। कुछ का रेकॉर्ड भी मिला है। बाइक की जांच करते हुए हथियार और गोली के बारे में पूछताछ की जा रही है। सभी के खिलाफ आर्म्स एक्ट और आपराधिक षड़यंत्र करने की प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

**पुलिस की सक्रियता से टली डकैती की बड़ी वारदात:** बड़हरा थाने की पुलिस की सक्रियता से डकैती की बड़ी घटना टल गयी। इससे पुलिस के साथ आम पब्लिक ने राहत की सांस ली है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की देर रात अपराधी डकैती और लूटपाट की साजिश कर रहे थे। इसके लिए सभी देवरथ गांव स्थित चिमनी के पास कुछ समय से बंद पड़े मकान की छत पर जमा थे। तभी पुलिस को अपराधियों की भनक मिल गयी। उस आधार पर बड़हरा थानाध्यक्ष द्वारा बिना समय गंवाए और एसपी को सूचना देते हुए देवरथ गांव पहुंच गये। उसके बाद बड़ी चालाकी से छापेमारी कर छत पर बैठे अपराधियों को पकड़ लिया। टीम में दारोगा अभय कुमार सिंह, एएसआई अशोक कुमार सिंह, डीएनए सिंह, हलवदार कुमुद कुमार, सिपाही अभिषेक कुमार, मोहन प्रसाद यादव, दीपक कुमार, श्यामनंदन कुमार और सपना कुमारी शामिल थी।

### एयर होस्ट क्रू मेंबर में पांच लड़कियां सिलेक्टेड



**जहानाबाद।** जीविका जिला कार्यालय जहानाबाद से इंफोवैली प्राइवेट लिमिटेड कंपनी जो पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में स्थित है, जो डीडीयूजीकेवाई के अंतर्गत आता है। जिसके अंतर्गत 9 माह का आवासीय प्रशिक्षण देकर इसी सेक्टर में एयर होस्ट क्रू मेंबर और ग्राउंड फ्लोर में जॉब दिया जाता है। इसके लिए आज पांच लड़कियां सिलेक्टेड हुई हैं। जिसमें ज्योति कुमारी हुलासगंज प्रखंड से अंजली कुमारी रतनी फरीदपुर प्रखंड से, सोनम कुमारी जहानाबाद सदर प्रखंड से आसनया कुमारी मखदुमपुर प्रखंड से तथा संध्या कुमारी हुलासगंज प्रखंड से की गयी है, जिला प्रबंधक, जीविका द्वारा बताया गया कि उनका चयन डीडीयूजीकेवाई के अंतर्गत 9 माह का प्रशिक्षण के लिए हुआ है। प्रशिक्षण के अंतर्गत इन सभी लड़कियों को 100 एयरपोर्ट सर्विस में ही जॉब दी जाएगी। उक्त अवसर पर आवेदक, डीपीएम, जीविका अनिता कुमारी, प्रबंधक स्वास्थ्य एवं पोषण अजीत कुशवाहा मोबिलाइजर हेड अमित कुमार जेआरपी, लालमोहन कुमार सदर ब्लॉक और विवेक कुमार रतनी फरीदपुर ब्लॉक उपस्थित थे।

## शाहपुर क्षेत्र से अगवा दो बहनें बक्सर रेलवे स्टेशन से बरामद, आरोपित गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**





भोजपुर के शाहपुर इलाके से अगवा नाबालिग सहित दो बहनों की बरामदगी के बाद पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस प्रेम प्रसंग के साथ ही मानव तस्करी के एंगल से भी जांच कर रही है। इस मामले को लेकर पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपित मिथिलेश कुमार यादव से पूछताछ भी की गयी। उसके बाद शनिवार को उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार मिथिलेश यादव बक्सर जिले के सपही गांव का रहने वाला है। एसपी संजय कुमार सिंह की ओर से यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि तीन रोज पहले नाबालिग सहित दोनों बहनों को अगवा कर लिया गया था। इस कारण प्रेम प्रसंग की आड़ में मानव तस्करी की आशंका भी हो रही थी। ऐसे में दोनों बहनों की बरामदगी को लेकर टीम गठित की गयी थी। मोबाइल सर्विलांस और तकनीकी के आधार पर बरामदगी को ले छापेमारी शुरू की गयी। दूसरे जिलों से भी मदद ली गयी। उसी क्रम में दोनों को बक्सर रेलवे स्टेशन से दोनों बहनों को बरामद कर लिया गया। आरोपित मिथिलेश कुमार यादव को भी गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि पूछताछ में मामला प्रेम प्रसंग का ही निकला। टीम में थानाध्यक्ष नित्यानंद शर्मा, एएसआई मनोज कुमार और सिपाही पिंकी कुमारी व बबली कुमारी शामिल थी। बताया जा रहा है कि सरैया गांव निवासी दोनों बहनें 12 नवंबर को 11 बजे बाजार करने गयी थी। शाम तक नहीं लौटी, तो उनके पिता द्वारा अपहरण की प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। उसमें बक्सर के सपही गांव निवासी मिथिलेश कुमार यादव और उसके माता-पिता को आरोपित किया गया है। वहीं मिथिलेश कुमार यादव पर फोन कर धमकी देने का आरोप भी लगाया गया है। इधर, शाहपुर पुलिस के अनुसार मिथिलेश कुमार यादव के भाई की शादी सरैया गांव में हुई थी। उसी सिलसिले में उसका सरैया गांव आना-जाना लगा रहता था। उसी दौरान उसकी एक युवती से प्रेम हो गया था। इस बीच मौका पाकर वह नाबालिग बहन सहित प्रेमिका को ले भागा था।

## अनियंत्रित ऑटो की ठोकर से किसान की हुई मौत

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



जिले के मखदुमपुर अंतर्गत अनियंत्रित ऑटो के धक्के से एक किसान की मौत हो गई है। मामला टेहटा ओपी क्षेत्र के सुप्पी गांव का है। जहा मृतक किसान की पहचान सुप्पी गांव निवासी श्रवण पासवान के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतक के पुत्र रवि ने बताया कि उनके पिता शाम में खलिहान से काम निपटा कर घर लौट रहे थे। तभी हाटी-टेहटा मार्ग पर तेज रफ़्तार से आ रही एक ऑटो ने उनके गांव के समीप ही उन्हें ठोकर मार दिया। जिसके बाद वे सड़क पर गिर गए। और ऑटो चालक ने उनपर ऑटो चढा कर पार कर गया। घटना के बाद में जुटे ग्रामीणों ने आनन फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल जहानाबाद भेजा जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। ईधर घटना के बाद चालक सड़क पर ऑटो खड़ा कर फरार हो गया। परिजनों ने बताया कि ऑटो चालक शराब पीकर अनियंत्रित गाड़ी चला रहा था। जिसके कारण किसान की मौत हो गई, वही मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। इधर घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

## स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए बौरी पंचायत के मुखिया राज्य स्तर पर सम्मानित



**जहानाबाद।** बौरी पंचायत के मुखिया को स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान 'विश्व शौचालय दिवस' के अवसर पर ग्रामीण विकास विकास विभाग और यूनिसेफ के समन्वय से पटना में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में दिया गया। हुलासगंज प्रखण्ड अंतर्गत बौरी पंचायत के मुखिया ओमप्रकाश सुमन को बिहार लोहिया स्वच्छता अभियान के मिशन निदेशक राहुल कुमार, आईपीएस एवं यूनिसेफ के बिहार प्रतिनिधि के द्वारा सम्मानित किया गया। स्वच्छता के क्षेत्र में बौरी पंचायत में किए जा रहे बेहतर कार्यों के लिए यह सम्मान दिया गया। इस पंचायत में लगातार स्वच्छता रैली, स्वच्छता चौपाल, प्रभात फेरी, डोर टू डोर भ्रमण के माध्यम से स्वच्छता प्रचार-प्रसार का कार्य किया जा रहा है। इससे स्वच्छता के क्षेत्र में आई जागरूकता के कारण पंचायत में स्वच्छता की स्थिति बरकरार रखने हेतु समुदाय के स्तर पर निरंतर प्रयास किया जा रहा है। पंचायत के सभी घरों से प्रतिदिन स्वच्छताकमीर्यो द्वारा डोर-टू-डोर भ्रमण कर कचरा का संग्रहण भी किया जा रहा है। सम्मानित मुखिया ओमप्रकाश सुमन के द्वारा बताया गया कि जिला पदाधिकारी रिची पांडेय और उप विकास आयुक्त परितोष कुमार के मार्गदर्शन और जिला टीम एवं प्रखण्ड टीम के निरंतर सहयोग से ही बौरी पंचायत स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर पायी है। आगे भी पंचायत स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर कार्य करेगी। सम्मान कार्यक्रम के अवसर पर उप विकास आयुक्त परितोष कुमार, जिला समन्वयक माधवेन्द्र कुमार, जिला सलाहकार क्षमता वर्द्धन सूचना शिक्षा व संचार ब्रजेश कुमार, जिला सलाहकार ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन पिंकु कुमार उपस्थित थे।

# अरवल में पकड़े जाने के बाद भी भोजपुर पुलिस के हाथ नहीं लगा बालू माफिया

**केटी न्यूज/आरा**



- कोईलवर के दोहरे हत्याकांड सहित अन्य मामलों में वांटेड है बालू माफिया
- भोजपुर पुलिस की सूचना के बावजूद अरवल थाने ने बालू माफिया को छोड़ा
- दो दोस्तों संग चोरी की बाइक के साथ अरवल पुलिस के हत्थे चढ़ा था कुख्यात

अरवल पुलिस की वजह से एक कुख्यात बालू माफिया भोजपुर पुलिस बच गया। गिरफ्तारी व भोजपुर पुलिस की सूचना के बावजूद अरवल पुलिस द्वारा उसे छोड़ दिया गया। इससे बालू माफियाओं की धरपकड़ में जुटी भोजपुर पुलिस के अभियान को बड़ा झटका लगा है। उक्त बालू माफिया कोईलवर थाना क्षेत्र के पचरूखिया गांव निवासी सत्येंद्र पांडेय का पुत्र अंकित पांडेय बताया जा रहा है। भोजपुर पुलिस को कोईलवर दोहरे हत्याकांड और आर्म्स एक्ट सहित अन्य कई मामलों में उसकी तलाश थी। बताया जा रहा है कि वाहन चेकिंग के दौरान गत 16 नवंबर को अरवल पुलिस द्वारा चोरी की बाइक के साथ कोईलवर थाने के पचरूखिया गांव निवासी अंकित पांडेय सहित तीन लड़कों को गिरफ्तार किया गया था। कोईलवर थाने की पुलिस को भी अंकित पांडेय के अरवल में पकड़े जाने की सूचना मिल गयी। उसआधार पर कोईलवर पुलिस सक्रिय हो गयी और अरवल थाने से संपर्क किया गया। पहचान के लिए फोटो मंगवा उसका सत्यापन किया गया। अंकित पांडेय की पहचान होने के बाद कोईलवर पुलिस द्वारा अरवल थाने को सूचना दी गयी। उसके बाद एसपी के आदेश पर कोईलवर थाना इंचार्ज प्रवीण कुमार अंकित पांडेय को गिरफ्तार करने अरवल पहुंची। हालांकि तबतक अरवल पुलिस की ओर से उसे छोड़ दिया गया था। भोजपुर एसपी संजय कुमार सिंह ने बताया कि अरवल में अंकित पांडेय के पकड़े जाने की सूचना मिली थी। उस आधार पर कोईलवर थाना की पुलिस अरवल गयी थी। तबतक किसी कारणवश अरवल पुलिस द्वारा अंकित पांडेय को छोड़ दिया गया था। हालांकि यह क्लीयर नहीं हो सका है कि उसे किस आधार पर छोड़ा गया है। इधर, अरवल पुलिस सूत्रों के अनुसार नाबालिग होने के कारण उसे नोटिस देकर छोड़ा गया है।

**अंकित के घर से मिला था काफी नगदी, हथियार और गोली :** भोजपुर पुलिस के अनुसार अंकित पांडेय का नाम इस कोइलवर साल 21 जनवरी को कोइलवर थाना क्षेत्र के कमालुचक बालू घाट डबल मर्डर केस में आया था। उस घटना के बाद से ही वह फरार चल रहा है। इसके अलावे तीस सितंबर की रात उसके घर से करीब 19 लाख नगद और हथियार व काफी मात्रा में गोलियां भी बरामद की गयी थी। उस समय भी वह बच निकला था। बताया जा रहा है कि अंकित पांडेय जेल में बंद कुख्यात सत्येंद्र पांडेय का बेटा है।

## फटाफट खबरें

### बिजली चोरी के खिलाफ अभियान एक धराया

**डुमरांव।** बिजली कंपनी की टीम ने बिजली चोरी के खिलाफ डोर-टू-डोर अभियान चलाया। नया भोजपुर के कनीय विद्युत अभियंता चंदन कुमार के नेतृत्व में चलाये गये इस अभियान के तहत अवैध रूप से बिजली ऊर्जा का उपयोग करते हुए एक उपभोक्ता को पकड़ा गया। जिसके खिलाफ 27193 रुपये का जुमार्ना लगाते हुए नया भोजपुर ओपी थाने में मामला दर्ज कराया गया है। पकड़ा गया आरोपी नया भोजपुर का लालबाबू प्रसाद बताया जाता है। स्थानीय पुलिस ने बताया कि आरोपी के ऊपर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### 400 लिटर शराब किया विनष्ट

**नावानगर।** नावानगर पुलिस ने शनिवार को सीओ सह मजिस्ट्रेट अजित कुमार सिंह के नेतृत्व में चार कांडो में बरामद 405 लिटर महुआ शराब व स्प्रीट को जमीन के नीचे दबा विनष्ट कर दिया है। इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि पिछले चार कांडो में बरामद किए गए 405 लिटर शराब को न्यायालय व वरीय पदाधिकारियों के निर्देख्श पर थाना के पीछे खाली जमीन में गड्ढा खोद विनष्ट किया गया है। इस दौरान मजिस्ट्रेट के रूप में स्थानीय अंचल के सीओ भी मौजूद थे।

### धारा प्रवाहित तार की चपेट में आने से वृद्धा की मौत, मचा कोहराम

**नावानगर।** सिकरौल थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव में शनिवार की सुबह धारा प्रवाहित तार की चपेट में आने से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई है। मृतका अशरफी देवी गांव के स्व बैजनाथ सिंह की पत्नी थी। बताया जाता है कि वह सुबह में टहलने के लिए घर से निकली थी। इसी दौरान गली में गिरे धारा प्रवाहित तार की चपेट में आ गई। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही सिकरौल पुलिस मौके पर पहुंची तथा लोगों को समझा बुझाकर शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार व ग्रामीणों में बिजली कंपनी के प्रति गहरा आक्रोश है। मृतका के पुत्र आनंद सिंह ने इस संबंध में स्थानीय थाने में बिजली कंपनी के अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है। इसकी पुष्टि करते हुए सिकरौल थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार दे रहा भूमि विवाद को जन्म, सिरदर्द बने भू-माफिया

- अंचल कार्यालय से ही शुरू होती है माफियाओं की सांठगांठ
- रजिस्टर टू की गड़बड़ी बनी कई जगहों पर विवाद का कारण

**केटी न्यूज/डुमरांव**





यह कहना बहुत आश्चर्य नहीं होगा कि अंचल कार्यालय भू माफियाओं के इशारे पर चलता है। जमीन का महत्वपूर्ण रिकॉर्ड रजिस्टर टू है। रजिस्टर टू की स्थिति ऐसी है कि एक जमीन पर दो दो लोगों का मालिकाना अधिकार और दोनों के नाम से हुए दाखिल खारिज के चलते विवाद जन्म लेता है। एक ही जमीन कई लोगों को और कई लोगों के द्वारा खरीद बिक्री की जाती है। फिर शुरू होता है उस जमीन पर दखल कब्जा का जंग। इसके लिए जरूरी होते हैं अपराधी चरित्र के लोग। शहर में सक्रिय अपराधी एवं उनके करीबी लोग ऐसे विवाद और जमीन की तलाश करते रहते हैं। चुकी ऐसे लोगों का सीधा संपर्क पुलिस प्रशासन के अलावे अंचल कार्यालय में होता है। इसका लाभ उठाते हुए अब तक कई लोग मालामाल हो चुके हैं। नगर के हरनहीं में जमीन के एक बड़े भू भाग पर अंचल कार्यालय द्वारा मोटी रकम लेकर दो लोगों के नाम किए गए दाखिल खारिज का मामला शहर का हर कोई को बखूबी मालूम है। अब इस बड़े भू भाग पर कब्जा जमाने की एक्सरसाइज शहर के अपराधी गिरोह द्वारा की जा रही है।

हालांकि अंचल कार्यालय का कहना है कि इस जमीन का एक पक्ष को हुए दाखिल खारिज को रद्द करने के लिए एडीएम के यहां कार्रवाई चल रही है। सीलिंग एक्ट में फंसी राजघराने के 66 एकड़ जमीन की जांच में अंचल अमीन द्वारा दिया गया प्रतिवेदन विवाद के कारणों मे महत्वपूर्ण है। ज्ञात हो कि जिस जमीन पर दर्जनों की संख्या में मकान बन चुके हैं उस जमीन का स्थल निरीक्षण कर दिए गए प्रतिवेदन मैं अंचल अमीन ने जमीन का स्वरूप परती व खेत खलिहान बताकर साबित कर दिया है कि भ्रष्टाचार के आगे सरकार के निर्देश का कोई मतलब नहीं है। यह पहला मामला नहीं है जिसमें एक ही जमीन को 2 लोगों के नाम दाखिल खारिज किया गया है। अंचल कार्यालय द्वारा किए गए विभिन्न जमीनों के दाखिल खारिज के खिलाफ किए गए डीसीएलआर के यहां अपील इस बात का गवाही दे रहे हैं कि भूमि मामले में अंचल कार्यालय का दामन पाक साफ नहीं है।

### राजस्व कर्मचारी करते हैं जमाबंदी में मनमानी

रजिस्टर टू की गड़बड़ी मैं जमीन की जमाबंदी से है। जमीन की रजिस्ट्री के बाद होने वाले दाखिल खारिज में कर्मचारी एक पक्ष का दाखिल तो करते हैं। लेकिन विक्रेता के जमाबंदी को रजिस्टर टू में घटाते नहीं है। नतीजा बिक्री के बाद भी जमीन बेचने वाले का जमाबंदी ज्यों का त्यों होता है। वह इसका नजायज लाभ उठाकर बिक्री रफ्तार को जारी रखते हैं। शहर में एक परिवार द्वारा एक ही जमीन को कई लोगों के बीच बेचने का का मामला इसी चलते सुर्खियों में रहा है।

**बुजुर्ग की आत्महत्या मामले में बेटे ने विधायक, थानाध्यक्ष समेत पुलिसकर्मियों पर एफआईआर का दिया आवेदन**

# यमुना सिंह के बेटे का आरोप, विधायक के दबाव में डीएसपी ने कराया था गिरफ्तार

## एसपी बोले- आवेदन की हो रही है जांच, दोषियों को नहीं बख्शा जाएगा

- मृतक के पुत्र ने कहा केस उठाने के लिए मांगे जा रहे थे 10 लाख रुपए
- दलित बस्ती के दर्जनों लोग दरवाजे पर आ करते थे गाली-गलौज
- एसपी बोले की जा रही है जांच, दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**केटी न्यूज/ डुमरांव**



बुजुर्ग की मौत की घटना के बाद मामले की जांच करने पहुँचे एसपी।

बुधवार की रात कोरानसराय थाना के कंप्यूटर कक्ष में फांसी लगा आत्महत्या करने वाले यमुना सिंह ने पिछले कुछ दिनों में काफी प्रताड़ना सहा था। दलित बस्ती के कुछ अपराधिक किस्म के लोग अक्सर उनके दरवाजे पर आकर गाली गलौज करते थे तथा दलित उत्पीड़न ऐक्ट के तहत दर्ज हुए कांड संख्या 123/ 22 को उठाने के लिए दस लाख रूपए देने की मांग कर करे थे तथा शीघ्र नहीं देने पर डुमरांव विधायक से दबाव बनवा पूरे परिवार को गिरफ्तार कराने की धमकी दे रहे थे। वे लोग एक दिन मेरे पिता स्व यमुना सिंह के साथ धक्का मुक्की भी किए थे तथा बोले थे कि यदि पैसा नहीं दोगे तो हमारे केस के तहत जल्दी ही राज्य सरकार एक लाख रूपए देगी तब पूरे परिवार को जेल भिजवा दिया जाएगा।

इस दौरान पुलिस प्रशासन से भी उन्हें न्याय नहीं मिला। हालांकि एसपी ने इस मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया था। लेकिन बिना पर्यवेक्षण के ही थानाध्यक्ष ने 16 नवंबर की शाम उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। जिससे आजिज होकर उन्होंने ऐसा कदम उठाया। यह कहना है उनके पुत्र अरूण कुमार सिंह उर्फ पिंटू सिंह का। एसपी नीरज कुमार सिंह को दिए आवेदन में पिंटू ने बताया कि थानाध्यक्ष जुनैद आलम, एएसआई गंगा दयाल ओझा, स्थानीय चौकीदार कृष्णा तथा सिपाही मृत्युंजय कुमार और शुभम कुमार द्वारा गिरफ्तारी के दौरान उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया था तथा ये लोग उन्हें घसीटते हुए थाना ले गए थे। जबकि रात में मेरे रिश्तेदार सुडु सिंह व चचेरे भाई टुनटुन सिंह उर्फ देवाशीष सिंह थाना पर पहुंचे थे तो उनके पिता स्वस्थ थे। दोनों लोगों ने उन्हें खाना भी खिलाया था। लेकिन रात में उनकी मौत हो गई। पिंटू ने बताया है कि थानाध्यक्ष द्वारा उनके आत्महत्या करने की सूचना तक नहीं दी गई।

**दोषियों पर की जाएगी कार्रवाई :** मृतक के पुत्र ने आवेदन दिया है, इसकी जांच की जा रही है। जांच के बाद ही एफआईआर दर्ज कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। - नीरज कुमार सिंह, एसपी, बक्सर

### घटना के बाद से गांव में बना हुआ है तनाव

वही इस घटना के बाद कोपवां गांव में तनाव बना हुआ है। स्व यमुना सिंह की मौत के बाद जहा पूरा परिवार मर्माहत है वही ग्रामीणों में इस घटना के प्रति गहरा आक्रोश भी है। ग्रामीणों का कहना है कि वे काफी सभ्य व शरीफ व्यक्ति थे। पुलिस की प्रताड़ना से ही उन्होंने ऐसा कदम उठाया है। जबकि दूसरी तरफ इस घटना के बाद दलित बस्ती में भी भय व्याप्त है। सूत्रों की मानें तो इस घटना के बाद गांव में हिंसा प्रतिहिंसा की आशंका बनी हुई है। हालांकि स्व यमुना सिंह के परिजनों द्वारा कहा जा रहा है कि उनलोगों को कानून पर भरोसा है तथा अपने हाथ में कानून लेने जैसा कृत्य नहीं करेंगे।

### तीसरे दिन भी सामने नहीं आए कोरानसराय के निलंबित थानाध्यक्ष

स्व यमुना सिंह को प्रताड़ित करने तथा उन्हें जबरन गिरफ्तार तथा दुर्व्यवहार कर आत्महत्या के लिए उकसाने वाले कोरानसराय के निवर्तमान थानाध्यक्ष जुनैद आलम तीसरे दिन भी सामने नहीं आ सके है। हालांकि एसपी नीरज कुमार सिंह ने उन्हें घटना के तत्काल बाद ही निलंबित कर दिया था। लेकिन निलंबन के बाद से उनका कुछ पता नहीं चल सका है। जिस कारण कई तरह के कयास लगाए जा रहे है। जबकि मृतक के पुत्र द्वारा उनके खिलाफ एसपी को लिखित तहरीर दिए जाने के बाद उनकी मुश्किलें और बढ़ गई है।

### झूठे मुकदमें की जांच की लगाई गुहार

एसपी को दिए आवेदन में मृतक के पुत्र अरूण ने यह कांड संख्या 123/ 22 का जिक्र करते हुए कहा कि यह झूठा केस है जिसमें उसके पूरे परिवार को फंसाया गया है। उन्होंने एसपी से इस पूरे मामले की जांच कर उनके परिवार को फर्जी मुकदमें से मुक्ति दिलाने की मांग की है। वही जानकारों का कहना है कि दलित उत्पीड़न ऐक्ट के तहत दर्ज होने वाले अधिकांश मामले आपसी विवाद के होते है तथा राज्य सरकार से मिलने वाले अनुदान के लालच में ही इसे एससी/एसटी ऐक्ट से जोड़ दिया जाता है। अधिकांश मामले चार्जसीट के बाद आपसी समझौते से समाप्त भी होते है।

## जिले में अवैध खनन को लेकर डीएम ने दिया पदाधिकारियों को छापेमारी करने का निर्देश

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिलाधिकारी अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक बक्सर नीरज कुमार सिंह की अध्यक्षता में भूमि विवाद, विधि व्यवस्था, खनन, मध निषेध, लोक शिकायत एवं लोक सेवा आदि से संबंधित बैठक समाहरणालय परिसर अवस्थित सभागार में आहूत की गई। जिला पदाधिकारी महोदय के द्वारा खनन की समीक्षा किया गया। बक्सर जिले में पदस्थापित दो खान निरीक्षक को अपने-अपने अनुमंडल में संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी, अंचलाधिकारी थानाध्यक्ष एवं जिला परिवहन पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए निरंतर छापेमारी करने का निर्देश दिया गया। साथ ही प्रतिदिन निरीक्षण का प्रतिवेदन देने को कहा गया। लोक शिकायत की समीक्षा की गई और संबंधित पदाधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिया गया। भू विवाद एवं अतिक्रमण वाद से संबंधित मामलों का निष्पादन नियमानुकूल, समयबद्ध करते हुए स्पष्ट प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय ने भूमि विवाद एवं अतिक्रमण से संबंधित मामलों के संबंध में संबंधित थानाध्यक्ष, अंचलाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिया। मध निषेध के समीक्षा के क्रम में उत्पाद अधीक्षक को निरंतर छापेमारी करने एवं हॉटस्पॉट एरिया में सतत निगरानी करने का निर्देश दिया।

## कोपवां के सिद्धार्थ ने क्वालीफाई की एनडीए की परीक्षा, मिला 59वां रैंक, परिजनों में छाई खुशी

- सेना में अफसर बन करेगा देश सेवा

**केटी न्यूज/ डुमरांव**



क्वालीफाई करने वाला कोपवा का सिद्धार्थ

होनहार बीरवान के होत चिकने पात... इस उक्ति को साबित कर दिखाया है प्रखंड के कोपवां गांव निवासी सिद्धार्थ सिंह ने। उसने यूपीएसएसी द्वारा आयोजित एनडीए की परीक्षा में 59 वा रैंक ला न सिर्फ अपने परिजनों और ग्रामीणों बल्कि पूरे जिले के गौरवान्वित कर दिया है। सिद्धार्थ सुनील कुमार सिंह के पुत्र व डीके कॉलेज के सेवानिवृत लिपिक सीताराम सिंह के पौत्र है। उसकी उपलब्धि इसलिए भी खास है क्योंकि लगभग 12 लाख से भी अधिक प्रतिभागियों के बीच उसने 59 वां रैंक लाया है। जबकि कुल 526 छात्र ही अंतिम रूप में सफल हुए है। जो देश और अपने राज्य बिहार के लिए महत्वपूर्ण स्थान है। एनडीए का रिजल्ट आने की सूचना मिलते ही पूरें गांव वासियों का सीना गर्व से उंचा हो गया है। सिद्धार्थ सैनिक स्कूल नालंदा से प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज देहरादून में पढ़ाई करते हुए एनडीए की परीक्षा में शामिल हुआ था। अपनी सफलता पर खुश सिद्धार्थ सिंह ने मोबाईल पर बात करते हुए अपनी सफलता का श्रेय दादा सीताराम सिंह समेत पूरे परिवार को दिया तथा बताया कि देश सेवा करना उसका जुनून है। इसी जुनून को पूरा करने के लिए उसने एनडीए को चुना था। अब वह सेना का आफिसर बन देश की सेवा करेंगा। उसके इस उपलब्धि पर डीके कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. बद्री प्रसाद सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, लल्लूजी सिंह, सत्यदेव सिंह, गणेश सिंह, सनमून सिंह, अशोक सिंह, अनिल सिंह और नंदजी सिंह सहित कई लोगों ने खुशी व्यक्त किया है।


## छोटी खबरें

### कैथहर कला के वार्ड सदस्यों ने बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री का किया पुतला दहन



**राजपुर।** कैथहर कला पंचायत के वार्ड सदस्यों ने शनिवार को स्थानीय चौक पर पंचायती राज मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम का पुतला दहन किया। मौके पर वार्ड संघ के पंचायत अध्यक्ष वशिष्ठ राम ने संबोधित करते हुए कहा कि पंचायती राज मंत्री ने वार्ड सदस्यों को सबसे निचले पायदान का आदमी समझ रखा है। पिछले दिनों उन्होंने नल जल योजना में मिल रही शिकायत पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि वार्ड सदस्य कम पढ़े लिखे लोग हैं। इसलिए इस तरह की समस्या आ रही है। लोकतंत्र में सभी जनप्रतिनिधि को समान अधिकार है। जिसका सम्मान होना चाहिए। उनके द्वारा की गई टिप्पणी अशोभनीय है। वार्ड सदस्य पंकज पांडेय ने कहा कि सरकार के तरफ से अभी भी वार्ड सदस्यों को पूर्ण रूप से अधिकार नहीं दिया गया है। जिसे पंचायतों का काम बाधित हो रहा है। मुखिया के तरफ से कभी भी कार्यकारिणी की बैठक नहीं बुलाई जाती है। ग्राम सभा में ही फर्जी तरीके से हस्ताक्षर बनाकर काम कराया जा रहा है। गांव के ग्रामीणों को अभी भी पंचायतों में संचालित योजनाओं की जानकारी नहीं है। यह पंचायती राज व्यवस्था के खिलाफ है। इस मौके पर वार्ड सदस्य विजय चौधरी, कमलेश पाल, बंटी राम, धर्मेंद्र साह, धर्मेंद्र खरवार, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि फूलचंद चौधरी, मुटुर सिंह के अलावा अन्य लोग मौजूद थे।

### डीएम अमीन समीर बोले... कृत्रिम किल्लत पैदा करने वाले उर्वरक विक्रेताओं पर होगी प्राथमिकी



**बक्सर।** जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक समाहरणालय परिसर अवस्थित कार्यालय कक्ष में आहूत हुई। जिसमें डुमरांव विधायक डॉ. अजीत कुमार सिंह ने कहा कि रबी मौसम में यूरिया एवं डीएपी की अत्यधिक मांग रहती है। इस परिस्थिति में अगर मांग के अनुरुप जिले में उर्वरक की आपूर्ति नहीं हो रही है, तो इस मद्येनजर अतिरिक्त डीएपी एवं यूरिया उर्वरक की मांग की जाय। इस समस्या को माननीय सदस्य विधान सभा विधायक ब्रम्हपुर शम्भूनाथ यादव एवं माननीय सदस्य विधान सभा विधायक राजपुर श्री विश्वनाथ राम ने समिति के सदस्यों के बीच अवगत कराया। इस पर जिला पदाधिकारी ने जिला कृषि पदाधिकारी को यूरिया व डीएपी के अतिरिक्त आवंटन की मांग करने हेतु उच्चाधिकारी को पत्र लिखा जाए। समिति के माननीय सदस्यों द्वारा सुझाव दिया गया कि बक्सर रैंक बिन्दु पर ही उर्वरक वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय, क्योंकि बक्सर रैक बिंदु के अलावा दूसरे रैक बिंदु पर उर्वरक की आपूर्ति होने से अत्यधिक परिवहन खर्च व्यय करना पड़ता है। इस पर समिति के अध्यक्ष जिला पदाधिकारी महोदय के द्वारा जिला कृषि पदाधिकारी बक्सर को पत्राचार करने का निर्देश दिया गया। समिति के सदस्यों के सवाल पर जिला कृषि पदाधिकारी बक्सर ने बताया कि पंचायत स्तर पर पदस्थापित सभी कृषि समन्वयक को विभाग द्वारा उर्वरक निरीक्षक घोषित किया गया है। सम्बंधित क्षेत्र के किसानों द्वारा उर्वरक बिक्रेता पर शिकायत किये जाने पर कृषि समन्वयक द्वारा विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। अगर ऐसा पाया जाता कि कृषि समन्वयक ने संबंधित उर्वरक बिक्रेता पर कोई कार्रवाई नहीं की तो उनपर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। सभी कृषि समन्वयक सम्बंधित पंचायत के सभी उर्वरक बिक्रेताओं के दुकान का खुलने एवं बंद करने का समय दर्ज करेंगे। किसानों के लिए उर्वरक सम्बंधी शिकायत दर्ज कराने हेतु जिला नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है, जिसके नोडल अधिकारी के रुप में श्री शेखर किशोर, सहायक निदेशक,फसल प्रक्षेत्र नामित है। जिला नियंत्रण कक्ष का संपर्क सूत्र 9198879787, 7903767773 तथा 9473081675 है।

# सीबीआई से हो यमुना सिंह की मौत की जांच, थानेदार को हो फांसी : महाराज

- कोपवां पहुंच महाराजा फाउंडेशन ने की पीड़ित परिवार से मुलाकात

**केटी न्यूज/ डुमरांव**



पीड़ित परिवार से घटना की जानकारी लेते महाराज चंद्रविजय सिंह व अन्य

शनिवार को महाराणा फाउंडेशन बक्सर का एक प्रतिनिधिमंडल कोपवां पहुंच स्व यमुना सिंह के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान टीम ने बड़े ध्यान से घटना की जानकारी ली तथा इस मामले में दोषी थानाध्यक्ष समेत अन्य पुलिस कर्मियों पर हत्या का मुकदमा चलाने व इस घटना की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। टीम का नेतृत्व कर रहे डुमरांव राज के महाराज चंद्रविजय सिंह ने कहा कि यह घटना पुलिस के बर्बरता की उपज है। उन्होंने कहा कि स्व यमुना सिंह सभ्य शरीफ इंसान थे। लेकिन कोरानसराय थानाध्यक्ष द्वारा दुर्भावना से ग्रसित होकर उन्हें जलील किया गया। जिससे आजिज आकर उन्होंने आत्महत्या किया।

उन्होंने थानाध्यक्ष समेत दोषी लोगों को फांसी दिए जाने की मांग की है। वही मां शिवरात्रि हास्पिटल के डा केके सिंह ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि बिना पर्यवेक्षण के उन्हें गिरफ्तार करना सरासर गलत था। युवा नेता व बक्सर विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने वाले रामजी सिंह ने कहा कि पुलिस ने उनके साथ दुर्व्यवहार कर उन्हें आत्महत्या के लिए उकासने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि इस घटना की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए तथा दोषियों पर हत्या का मुकदमा चलना चाहिए। रामजी ने कहा कि यदि तीन दिनों के अंदर एफआईआर दर्ज नहीं हुआ तो सड़क पर उतर प्रदर्शन किया जाएगा। मातमपुर्सी में पहुंचने वालो में स्व. यमुना सिंह के मित्र डॉ. बालेश्वर सिंह के अलावा शिवरात्रि हास्पिटल के डॉ. आशुतोष सिंह, जगदीश सिंह, चुनू सिंह, बंशी सिंह, बिनोद सिंह, पंकज बसुधरी सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

### राजपुर विधायक बोले विधायक मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाएगी

डुमरांव। राजपुर विधानसभा के कांग्रेस विधायक विश्वनाथ राम शुक्रवार को मातमपुर्सी में कोपवां पहुंचे थे। वे स्व. यमुना सिंह के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया तथा इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने के लिए सदन में आवाज उठाने का आश्वासन दिया। उन्होंने घटना पर दु:ख जताते हुए कोरानसराय के थानाध्यक्ष जुनैद आलम के कार्यशैली की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने का हक नहीं है। पुलिस को नियमानुकूल कार्रवाई करनी चाहिए। किसी को मारने, पीटने या प्रताड़ित करने का अधिकार पुलिस को नहीं है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार ऐसी घटनाओं से काफी सख्ती से निपटेगी। राजपुर विधायक ने परिजनों से कहा कि वे दु:ख की इस घड़ी में सदैव आपके साथ खड़े है। वही उन्होंने ग्रामीणों से आपस में मिलजुलकर रहने की सीख दी तथा कहा कि सदियों से गांवों में सामाजिक समरसता की डोर काफी मजबूत रही है। हमारा दायित्व है कि इसे तोड़ने की बजाए और मजबूत करें। मौके पर मृतक के पुत्रों के साथ ही कई अन्य ग्रामीण मौजूद थे। गौरतलब है कि कोपवां के 70 वर्षीय यमुना सिंह ने कोरानसराय पुलिस की प्रताड़ना से तंग आ बुधवार की रात थाना के कंप्यूटर कक्ष में फांसी लगा आत्महत्या कर लिया था।

### विश्व शौचालय दिवस कार्यक्रमों का आयोजन

**बक्सर।** लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान द्वितीय चरण अंतर्गत राज्य के ग्रामीणों क्षेत्रों को शौच से मुक्त बनाये रखते हुए ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के द्वारा ओडीएफ प्लस बनाया जाना लक्षित है। विश्व शौचालय दिवस पूरे विश्व में मनाया जाता है तथा वैश्विक स्तर पर हर परिवार को सुरक्षित शौचालय की सुलभता हेतु गतिविधियां का संचालन किया जाता है। इस वर्ष विश्व शौचालय दिवस 2022 का मुख्य संदेश अदृश्य को दृश्य बनाना है। इसी क्रम में आज कमरपुर, रहसीचक, बरूणा, कमरपुर में स्वच्छता दौर एवं विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।

## फटाफट खबरें

### सड़क पर फेंकी जा रहे सब्जियों के पत्ते, दुर्घटना की संभावना

**डुमरांव।** प्रखंड के पुराना भोजपुर स्थित सड़क किनारे दन दिनों गोभी के पत्ते पड़े दिख रहे हैं। जिनको खाने के लिए सड़क पर पशु दिनभर घुमते रहते हैं। इन पत्तों के कारण बाइक सवारों के फिसल कर गिरने की संभावना है और उससे बच गए तो वाहन के पशु से टकराने एवं दुर्घटनाग्रस्त होने की गारंटी निश्चित है। शासन प्रशासन को इस समस्या से कोई लेना-देना नहीं। ऐसे में स्वयं की सावधानी एवं समझदारी ही सुरक्षा का बेहतर उपाय है। पिछले कई दिनों से पडे इन गोभी के पत्तों से उठ रहा दुर्गंध नाक में दम कर के रखा है। जिस चलते आसपास रहने वाले लोग काफी परेशान हैं। उससे भी बड़ी समस्या गोभी के पत्तों के सड़ जाने के बाद उससे निकलने वाले पानी तथा होने वाली फिसलन से दुर्घटना की संभावना को लेकर है। नया भोजपुर पुराना भोजपुर तथा अन्य जगहों पर गोभी के सड़े हुए पत्तों पर फिसल कर कई लोग जख्मी हो चुके हैं।

### पुलिस ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान

**डुमरांव।** बढ़ते अपराध को देखते हुए डुमरांव व कोरानसराय पुलिस वाहन चेकिंग को लेकर सख्त दिखी। शनिवार को पुलिस ने जमकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इसके लिए नया थाना के दुपहिया वाहनों को रोक कागजातों की जांच की गई। वैसे ही पुलिस के तेवर बाइक चालकों पर कुछ अधिक ही चढ़ गया है। यही कारण है कि शनिवार को पुलिस ने देर तक वाहनों को रोक जांच पड़ताल की। पुलिस द्वारा चलाये गए वाहन चेकिंग अभियान से वाहन चालकों की मुश्किले बढ़ी रही। वाहन चेकिंग का असर यह हुआ कि हमेशा दुपहिया वाहनों से पटा रहने वाले स्टेशन रोड में घंटों दुपहिया वाहनों का परिचालन थम सा गया था। कई चालक तो पुलिस से बचने के लिये निशा नगर से हरिजी के हाता होकर निकलते दिखाई दिये।

### दबंगों के संरक्षण में चल रहा पशु तस्करी कार्य

**डुमरांव।** पशु तस्करी का कार्य दियारा के दबंग प्रवृत्ति के लोगों के संरक्षण में पिछले कई वर्षों से संचालित हो रहा है। चक्की, नैनिजोर, मझवारी, मुकुंदपुर सहित आस-पास के प्रखंडों की सीमा उत्तर प्रदेश से सटा होने के चलते इस कार्य को बेरोक-टोक बढ़ावा दिया जा रहा है। रात के अंधेरे के साथ दिन के उजाले में भी में पशु तस्करी का कार्य गंगा के तटीय इलाकों में देखा जा सकता है।

# सदर अस्पताल के एसेनसीयू में होता है नवजातों का नि:शुल्क इलाज, आएं लाभ उठाएं

- सदर अस्पताल में स्थित है एसएनसीयू का स्पेशल वार्ड
- नवजातों की बीमारी की जानकारी के साथ गंभीर संकेतों की पहचान जरूरी
- जिला स्वास्थ्य समिति ने तैयार किया चिकित्सकों का रोस्टतर, देंगे एसएनसीयू में भी सेवा



सदर अस्पताल स्थित एसएनसीयू में इलाज करती स्टाफ नर्स

**केटी न्यूज/बक्सर**

सदर अस्पताल में बना स्पेशल न्यू बोर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू) बीमार नवजात बच्चों के लिए स्वास्थ्य लाभ में वरदान साबित हो रहा है। यहां नवजात बच्चों को में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही थी। अब एसएनसीयू में बीमार नवजात को 24 घंटे बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। जिनके स्वास्थ्य लाभ में दक्ष प्रशिक्षित पैरामेडिकल स्टाफ मुस्तैदी के साथ काम में जुटे रहते हैं। इसके अलावा महिला चिकित्सक भी मौजूद रहती हैं। साथ ही, भर्ती नवजातों के स्वास्थ्य की नियमित जांच एवं फॉलोअप किया जाता और इलाज के दौरान सुरक्षा के हर मानकों का ख्याल रखा जाता है। ताकि नवजात को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सेवा मिल सके। इस दिशा में जिलाधिकारी अमन समीर के निर्देश पर सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र नाथ ने एसएनसीयू में चिकित्सकों की तैनाती की है। इसके लिए सप्ताह के सात दिनों के पालीवार चिकित्सों की प्रतिनियुक्ति के लिए रोस्टर तैयार किया है।

**सभी आधुनिक सुविधाओं से लैश है एसएनसीयू :** नवजात के रोगग्रस्त होने पर उसे एसएनसीयू में भर्ती कराया जाता है। जहां 24 घंटे प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मी व चिकित्सक की देखरेख रखा जाता है। इस दौरान बच्चों की हालत पर पूरी निगरानी रखी जाती है। एसएनसीयू को सभी आधुनिक सुविधाओं से लैश किया गया है। जिसमें रेडियो वॉर्मर, ऑक्सीजन की सुविधा, फोटो थैरेपी जो जोंडिस पीड़ित बच्चों के लिये महत्वपूर्ण है। नवजात के लिये डाईपर, सेक्शन मशीन सहित अन्य सुविधाएं मौजूद हैं। एसएनसीयू में तैनात चिकित्सक व नर्स नवजात शिशुओं के इलाज को जीवनदान देने में सक्षम है। बहुत से लोग इसका लाभ भी उठा रहे हैं। लेकिन कुछ लोग हैं जो नवजात की बीमारी से परेशान होकर इधर-उधर भटक कर अपना व अपने नवजात को नुकसान पहुंचाते हैं। सदर अस्पताल स्थित एसएनसीयू में सारी सेवाएं निःशुल्क हैं।

**चिकित्सकों का रोस्टर :** सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र नाथ के निर्देश पर रोस्टर तैयार किया गया है। जिसके तहत सप्ताह के सातों दिन पालीवार चिकित्सक अपने-अपने सेवा देंगे। जारी रोस्टर के अनुसार सोमवार को सुबह 8:00 से दोपहर 2:00 बजे तक डॉ. नम्रता प्रिया, दोपहर 2:00 से रात 8:00 तक डॉ. निशांत तथा रात 8:00 से सुबह 8:00 तक डॉ. आरके गुप्ता की ड्यूटी लगाई गई है। मंगलवार को सुबह 8:00 से दोपहर 2:00 बजे तक डॉ. आरबी श्रीवास्तव, दोपहर 2:00 से रात 8:00 तक डॉ. नम्रता प्रिया तथा रात 8:00 से सुबह 8:00 तक डॉ. निशांत एसएनसीयू में ड्यूटी देंगे। बुधवार को सुबह 8:00 से दोपहर 2:00 बजे तक डॉ. आरके गुप्ता, दोपहर 2:00 से रात 8:00 तक डॉ. शैलेंद्र कुमार, रात 8:00 से सुबह 8:00 तक डॉ. नम्रता प्रिया को प्रतिनियुक्त किया गया है। गुरुवार को सुबह 8:00 से दोपहर 2:00 बजे तक डॉ. निशांत, दोपहर 2:00 से रात 8:00 तक डॉ. आरके गुप्ता, रात 8:00 बजे से सुबह 8:00 बजे तक डॉ. आरबी श्रीवास्तव की ड्यूटी लगाई गई है।

वहीं शुक्रवार को सुबह 8:00 से दोपहर 2:00 बजे तक डॉ नम्रता प्रिया, दोपहर 2:00 से रात 8:00 तक डॉ. निशांत व रात 8:00 बजे से सुबह 8:00 बजे तक डॉ आरके गुप्ता का रोस्टर तैयार किया गया है। शनिवार को सुबह 8:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक डॉ. आरके श्रीवास्तव, दोपहर 2:00 से रात 8:00 तक डॉ नम्रता प्रिया तथा रात 8:00 से सुबह 8:00 तक डॉ. निशांत की तैनाती की गई है। रविवार को सभी की ड्यूटी ऑन कॉल रहेगी। जिसके लिए भी रोस्टर तैयार किया गया है। ऑन कॉल के तहत पहले, तीसरे और पांचवें मामले में डॉ आरके गुप्ता एसएनसीयू पहुंचेंगे। वहीं दूसरे व चौथे मामले में की जिम्मेदारी डॉ नम्रता प्रिया को दी गई है।

### निजी अस्पतालों के चक्कर में न पड़े अभिभाव, यहां नि :शुल्क इलाज

**बक्सर।** एसएनसीयू के संबंध में समाजसेवी आकाश कुमार सिंह उर्फ रामजी सिंह ने कहा कि सदर अस्पातल में बीमार नवजात बच्चों का नि :शुल्क उपचार किया जाता है। लेकिन, ज्यादातर लोगों को इसकी जानकारी नहीं हैं। ऐसे में गरीब और भोलेभाले दूरदराज से आए लोग जिलामुख्यालय में स्थित सरकारी व प्राइवेट संस्थानों में प्रसव कराते हैं। यदि प्रसव के बाद बच्चे की स्थिति ठीक नहीं होती है, तो बच्चे के अभिभावक जानकारी के अभाव में इधर-उधर घुमते हैं। जिनका फायदा अस्पतालों में घुम रहे दलाल उठाते हैं। दलाल बीमार नवजात बच्चों के अभिभावकों को झांसे में लेकर उन्हें निजी क्लिनिक ले जाते हैं। जहां उनसे इलाज के एवज में मोटी रकम वसूली जाती है। रामजी सिंह ने कहा कि सदर अस्पताल के एसएनसीयू में बीमार नवजातों के इलाज की पूरी व्यवस्था है। उन्होंने जिले के लोगों से अपील किया कि अपने बीमार नवजात बच्चों का इलाज एसएनसीयू में ही कराएं।

# जमीन विवाद में जमकर गरजी बंदूकें, कब्जा जमाने के लिए पहुंचे थे दो दर्जन से अधिक लोग

## पीड़ित पक्ष ने पुलिस पर पक्षपात का लगाया आरोप

- गलत तरीके से रजिस्ट्री कराने के बाद कब्जा जमाने पहुंचे थे दो दर्जन से अधिक लोग



घटना स्थल पर जुटी भीड़





बैंगन का खेत दिखाता किसान व इनसेट में न्यायालय का इस्तेहार

**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्थानीय अनुमंडल में जमीन विवाद का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को भी नगर के दक्षिण टोला के बधार में जमीन विवाद में बंदूके गरजी। जिससे बाधार में काम करने वाले किसान भाग खड़े हुए। लेकिन सूचना के करीब घंटा भर बाद वहा पुलिस पहुंची। तबतक आरोपी दहशत फैला व धमकी दे भाग खड़े हुए थे। इस संबंध में पुलिस को दिए आवेदन में दक्षिण टोला के भरत राय ने बताया है कि शनिवार को दोपहर वे अपने भाईयों अशोक राय व भुवर राय के साथ अपने धान कटे खेत में पुआल इकट्ठा कर रहे थे। इसी दौरान दो चार पहिया तथा दस बाइक से करीब 25 की संख्या में अपराधी हरवे हथियार से लैस हो आए तथा खेत में काम कर रहे मेरे भाइयों के साथ मारपीट करने लगे। जब वो बीच बचाव करने गया तो जान मारने की नियत से दूसरे पक्ष के लोगों ने उसपर जानलेवा हमला करने लगे तथा बंदूक के कूंदे से पीटने लगे। जब आस पास के खेतों में काम करने वाले लोगों ने इसका विरोध किया तो वो दो राउंड हवाई फायरिंग करते हुए भाग खड़े हुए।

वहीं, अशोक राय ने बताया है कि सूचना देने के करीब डेढ़ घंटे बाद पुलिस आई तबतक सभी भाग खड़े हुए थे। वहीं पीड़ित पक्ष भी अपनी जान बचाने के लिए भागकर दूसरे बधार में चले गए थे। वही इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दूसरे पक्ष के सिमरी थाना क्षेत्र के मझवारी निवासी गिरजा शंकर यादव ने पहले ही थाना में आवेदन दे बताया था कि वे दक्षिण टोला की सरिता देवी से चार एकड़ 66 डिसमिल जमीन खरीदा था। उस जमीन पर रोपे गए बैगन की फसल पर पहले पक्ष द्वारा कीटनाशक छिड़क नष्ट कर दिया गया था।

लेकिन मामले में पहले पक्ष के लोगों का कहना है कि वह जमीन की रजिस्ट्री ही गलत तरीके से कराया है तथा यह जमीन हमलोगों की है और इस पर धान तथा बैगन भी हमलोग ही रोपे थे। गिरजा द्वारा पुलिस से मिलीभगत कर फर्जी मुकदमा दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि पुलिस प्रशासन के लाख प्रयास के बाद भी जमीन विवाद से जुड़े मामले कम होने के नाम नहीं ले रहे है। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम से पुछने पर कहा कि इस मामले में पुलिस को जानकारी नही है।

## छोटी खबरें

### प्रक्षेत्र भ्रमण में किसानों को धान की फसल के विकल्प पर दी गई विस्तृत जानकारी





**बक्सर।** जिले के इटाढ़ी प्रखंड के निकरा के अंतर्गते अंगीभुत गांव जमुआं में एक दिवसीये प्रक्षेत्र कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र बक्सर के द्वारो संचालित परियोजना जलवायु समुत्थानशीलकृषि पर राष्ट्रीय नवाचार के तहत कार्यक्रम शनिवार को आयोजित कियो गया। प्रक्षेत्र भ्रमण 105 किसानों, पदाधिकारियों एवं वैज्ञानिकों की उपस्थिति में कियो गया। खरीफ मौसम में सूखे की स्थिति में गांव में लगभग 20-25 हेक्टेयर क्षेत्रफल में धान की रोपनी नहीं हो सकी थी। परियोजना के आकस्मिक योजना के तहते सुखे की स्थिति में संकर बाजरा का प्रदर्शन 10 हेक्टेयर में क्षेत्रफल मे 20 किसानों के प्रक्षेत्रपर कियो गया। मोटे अनाज में संकर प्रभेद एलजी12-81 का प्रदर्शन के परिणाम में बाजरा फसल दाना के साथ-साथ सूखा चारा किसानों को प्राप्त हो गया। बाजरा फसल 85-90 दिन में पक कर तैयार हो गई। औसत उत्पादन लागत कुल 9200 से 9600 तक प्रति हेक्टेयर एवं किसानों को शुद्ध लाभ कुल 32000 से 3500 रुपए प्रति हेक्टेयर के रूप में प्राप्ते हुआ। डॉ देवकरण ने तकनीकी जानकारी में जलवायु के परिवर्तन के प्रभाव को कम करने के लिऐ वर्षा जल संरक्षण, कम जलमांगे की फसले एवं बाजरा उत्पादन की तकनीकी जानकारी प्रदाने की । वहीं रामकेवल ने बाजरा से बनने वाले उत्पाद जैसे दरिया, बिस्कीट, आटा, सत्तु एवं हॉलिक्से जैसे उत्पाद के महत्व की जानकारी दी गई।

### मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 105 वीं जयंती



**बक्सर।** देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 105वीं जयंती शनिवार को जिले में मनाई गई। कांग्रेस के जिला कार्यालय में भारत रत्न इंदिरा गांधी को याद करते हुए उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपाध्यक्ष बजरंगी मिश्रा व संचालन इटाढ़ी के प्रखंड अध्यक्ष कमल पाठक ने किया। वक्ताओं ने कहा कि इंदिरा गांधी के आदर्शों को अपनाकर देश राष्ट्र की सेवा की जा सकती है। वहीं, जिलाध्यक्ष तथागत हर्षवर्धन ने अपने संदेश में कहा कि श्रीमती गांधी हम कांग्रेस जनों के लिए सदैव से ही आदर्श रही हैं। उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर हम कांग्रेस का परचम पूरे देश में लहरा सकते हैं। इंदिरा गांधी एवं सरदार पटेल के विचारों में एकरूपता थी। जिस प्रकार साहस से इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान से बांग्लादेश को अलग कर विश्व में नया राष्ट्र दे दिया है इंदिरा जी की देन है कि कांग्रेस में लोकतंत्र आज भी बरकरार है। उससे हम को सबक सीखना चाहिए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्रीकांत पाठक, पूर्व जिलाध्यक्ष अनिरुद्ध पांडे, पूर्व प्रदेश सचिव कामेश्वर पांडे, प्रदेश प्रतिनिधि सत्येंद्र ओझा, बुच्चा उपाध्याय, धनजी पांडेय, राजा रमन पांडे, दयाशंकर सिंह, करुणानिधि दुबे, नरेंद्र शर्मा, विनय सिंह, चंद्रशेखर पाठक, राम प्रसन्न द्विवेदी, राजू वर्मा, लल्लन मिश्रा, धाकड़ पांडे, मणि शंकर पांडेय, अजय ओझा, पप्पू दुबे, सुरेश जायसवाल, जमाल अली, जिंदा जवाहरलाल, राहुल उपाध्याय, रोहित उपाध्याय, त्रियुगीनारायण मिश्रा, मनोज श्रीवास्तव, अभिषेक जायसवाल, निशांत कुमार आदि अनेक लोग शामिल रहे।

## विश्व शौचालय दिवस पर डुमरी में निकाली गई जागरुकता रैली

**केटी न्यूज/सिमरी**

विश्व शौचालय दिवस के मौके पर सिमरी प्रखंड के डुमरी गांव में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में डुमरी केपी उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद थी। इस मौके पर आम लोगों को खुले में शौच नहीं करने तथा इसके लिए आसपास के लोगों को प्रेरित करने की शपथ दिलाई गयी। शनिवार को सिमरी प्रखंड के डुमरी प्रखंड पंचायत की मुखिया प्रेम सागर कुवंर की अध्यक्षता में विश्व शौचालय दिवस के मौके पर पंचायत में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लोगों के बीच जाकर मुखिया प्रेमसागर ने खुले में शौच नहीं करने की शपथ दिलाई। साथ ही, पंचायत के लोगों ने यह तय किया कि जिन घरों में शौचालय नहीं बना है, उस घर में भी जल्द से जल्द शौचालय का निर्माण कराने का कार्य कराया जाएगा। आम लोगों को खुले में शौच नहीं करने एवं शौचालय का निर्माण कराने के बारे में बताया गया।

मौके पर प्रखंड समनवयक रविकांत मिश्रा, पंचायत रोजगार सेवक इन्द्रजीत प्रसाद, अवास सहायक संजय कुमार, पंचायत सचव रामेश्वर प्रसाद केसरी,प्रभारी प्रधानाचार्य उपेन्द्र राय सहित विद्यालय के सभी शिक्षक पंचायत के स्वच्छताकर्मी वार्ड सदस्य व गांव के प्रबुद्ध व्यक्ति मौजूद थे।

## पीएचसी से सारथी रथ को हरी झंडी दिखा किया गया रवाना

- सारथी रथ को रवाना करते डाक्टर



**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड के केसठ पीएचसी से पुरुष नसबंदी पखवाड़ा को लेकर सारथी रथ को हरी झंडी दिखा कर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनय कुमार द्वारा रवाना किया गया। मौके पर विक्की, पप्पू, पीएमडब्लयू चंदन सहित एएनएम और आशा कार्यकर्ता मौजूद रही।

बता दें कि परिवार नियोजन का कार्यक्रम 4 दिसंबर तक चलाया जायेगा। ज्ञात हो कि जनसंख्या स्थिरिकरण के उद्देश्य से 14 नवंबर से 4 दिसंबर तक पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया है। सारथी रथ के माध्यम से प्रखंड के विभिन्न पंचायत अंतर्गत सभी गांवो में पुरुषों की भागीदारी, सुखी परिवार हेतु परिवार नियोजन का महत्व, सही उम्र पर लड़कों की शादी विषयों पर लोगों को जागरूक करने हेतु प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इस पखवाड़ा को सफल बनाने हेतु आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविका, जीविका दीदिया, विकास मित्र आदि के माध्यम से जागरूकता अभियान चला कर लोगों को जागरूक कर परिवार नियोजन की जनकारी दी जायेगी।

## विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन

**केसठ।** विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर शनिवार को केसठ प्रखंड के कतिकनार अनुसूचित प्राथमिक विद्यालय व रघुनाथपुर मध्य विद्यालय में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दौड़ प्रतियोगिता में विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया। जानकारी के अनुसार दौड़ प्रतियोगिता 100 मीटर एवं 400 मीटर का हुआ। प्रतियोगिता में फर्स्ट, सेकंड व थर्ड आये छात्र छात्राओं को कॉपी, पेन, देकर, पुरस्कृत किया गया। कतिकनार प्राथमिक विद्यालय में बीसी राजीव रंजन, राकेश कुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक प्रदीप कुमार, विद्यालय के प्रधानाध्यापिका देवान्ति देवी आदि की उपस्थिति में पंचायत के मुखिया छठू राम द्वारा व रघुनाथपुर मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक विद्यासागर, उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार ठाकुर आदि शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बसंत पांडेय के सौजन्य से स्वच्छता पर्यवेक्षक अयोध्या पासवान द्वारा पुरस्कृत किया गया।

# उषारानी बालिका मध्य विद्यालय में मनाया गया बैगलेस सुरक्षित शनिवार

- चहक कार्यक्रम के तहत कक्षा एक के बच्चों में विकसित किया गया अपनापन
- अलग अलग कक्षाओं के लिए आयोजित की गई विभिन्न गतिविधियां

**केटी न्यूज/ डुमरांव**



शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार प्रत्येक शनिवार को बैगलेस सुरक्षित शनिवार मनाया जाना है। इस निर्देश के अनुसार आज राजगढ़ परिसर में परिसर में अवस्थित महारानी उषा रानी बालिका मध्य विद्यालय में पदस्थापित शारीरिक अनुदेशक पद पर पदस्थापित राधेश्याम दुबे ने शारीरिक गतिविधियों को कुशलतापूर्वक संपन्न कराया। इस गतिविधि के अंतर्गत उन्होंने विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायाम के साथ-साथ प्राणायाम योग और शरीर को स्वस्थ और फुतीर्ला रखने के लिए विभिन्न प्रकार के शारीरिक क्रियाओं की जानकारी दी। इस कार्यक्रम को और सफलतापूर्वक संचालित करने के क्रम में विद्यालय में प्रत्येक कक्षा में शिक्षकों ने अलग-अलग गतिविधियों को कराया। सबकी गतिविधियां काफी रोचक और ज्ञानवर्धक रही है। जिनमें सारे बच्चियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वर्ग एक की शिक्षिका अनीता चौबे ने चहक कार्यक्रम के अंतर्गत अपने मॉड्यूल को काफी तन्मयता के साथ कराया। जिसको प्रतिदिन की भांति सभी बच्चियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय में पदस्थापित सोनी सिंह जो कि राष्ट्रीय स्तर की खो-खो खिलाड़ी रह चुकी हैं, उन्होंने बच्चियों को खो खो खेल के बारे में जानकारी दी।

विद्यालय की शिक्षिका आरती केसरी ने बच्चियों को सुरक्षित रूप से रहने और भूकंप से बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी दी। प्रार्थना सत्र में उन्होंने भूकंप से बचाव के तरीकों उनके कारणों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिससे बच्चियां काफी खुश और अचंभित हुई तथा उन्हें लगा कि उन्होंने कुछ नया सीखा है। जिससे कि भविष्य में इसका उपयोग वह कर सकती हैं तथा अपने आप को सुरक्षित रख सकते हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद शरीफ अंसारी ने भी सब की बातों का समर्थन करते हुए सुरक्षित शनिवार को सफलतापूर्वक मनाने और बच्चियों के ज्ञानवर्धक जानकारी के साथ-साथ प्रयोगात्मक जानकारी देने की सलाह दी। इसी क्रम में आठवीं वर्ग के शिक्षक सोनू वर्मा और दिव्यांशु कुमार ने विज्ञान विषय से संबंधित एक परियोजना कार्य को कराया। जिसमें बहुत सारी बच्चियों ने अच्छे-अच्छे और ज्ञानवर्धक प्रोजेक्ट कार्य को बनाया और सबके समक्ष प्रस्तुत किया। इस परियोजना कार्य को कराने के लिए जिन शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपना सहयोग दिया उनमें प्रमुख रूप से सोनू वर्मा, दिव्यांशु कुमार तथा विद्यालय की विज्ञान शिक्षिका आकांक्षा कुमारी प्रमुख रहे। इन सबों ने आवश्यक सुझाव देते हुए सब को उचित निर्देशित किया। जिसके फलस्वरूप सारी बच्चियों ने बहुत ही अच्छे तरीके से विज्ञान के परियोजना कार्य को पूरा किया।

विज्ञान के परियोजना कार्य में सौर्य मंडल को पल्लवी और उनके दोस्तों ने तथा अम्ल वर्षा को निभा और उसके सहयोगियो ने काफी उम्दा तरीके से प्रस्तुत किया।

## छोटी खबरें

### समाधान दिवस तहसील पहुंचीं महिलाओं ने डीएम से की फरियाद, दिलाएं मजदूरी का पैसा



**मऊ।** जिले के मोहम्मदाबाद प्रखंड क्षेत्र दरौरा गांव के लगभग दर्जनों महिलाएं समाधान दिवस तहसील पहुंची। जहां उन्होंने उप जिला अधिकारी को एक प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें उन्होंने निवेदन किया कि सरकार की योजनाओं के तहत उनका आवास तैयार हो गया है, लेकिन आवास बनाने की मजदूरी उनको नहीं मिली है। जिसके लिए वो प्रधान के यहां दौड़ लगा रही हैं। प्रधान सिर्फ उन्हें सिर्फ समय देकर बलगरा रहे हैं। लेकिन, आवास की मजदूरी नहीं दे रहे हैं। जबकि मजदूरी के पैसा के लिए प्रधान ने फोटो खिंचवा कर डाटा फिडिंग के नाम पर 200 के हिसाब से राशि जमा करा ली थी। बताते चलें कि जहां सरकार द्वारा गरीबों के उद्धार के लिए नई-नई योजनाएं बनाकर सरकार लोगों के विकास का काम कर रही है। वहीं कुछ भ्रष्ट लोगों द्वारा इन योजनाओं से गरीबों को लाभ से पहले कुछ भ्रष्ट अधिकारियों की सांठगांठ कर लाभार्थी का आधा लाभ हड़प लेते हैं। वहीं मजदूर अपना काम छोड़ राशि की आस में ब्लॉक व तहसील के चक्कर काटते रहते हैं।

### स्वामी विवेकानंद डिजिटल सशक्तिकरण योजना के तहत छात्रों में टैबलेट और मोबाइल फोन वितरित




**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश राजर्षी टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के अध्ययन केंद्र (088) राजकीय महिला पीजी कॉलेज गाजीपुर के शिक्षार्थियों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्वामी विवेकानंद डिजिटल सशक्तिकरण योजना के तहत टैबलेट और मोबाइल फोन वितरित किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी के रूप में उपस्थित नायब तहसीलदार सदर राहुल सिंह ने शिक्षार्थियों को इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का सकारात्मक रूप से उपयोग करने तथा मुक्त शिक्षा ऑनलाइन शिक्षा तथा एनी टाइम शिक्षा की संकल्पना को साकार करने का आह्वान किया। इस अवसर पर किरण यादव, चंदा सिंह, पूजा मिश्रा, अंकिता गौतम, पूनम सिंह, शबनम खातून, प्रतीक्षा पांडे, भूपेश सिंह आदि शिक्षार्थी उपस्थित रहे तथा इन्होंने अध्ययन केंद्र एवं मुक्त विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को डिवाइस देने की सरकार की योजना की प्रशंसा की। मोबाइल वितरण कार्यक्रम का संयोजन अध्ययन केंद्र प्रभारी डॉ शिवकुमार ने किया। इस अवसर पर डॉ विकास सिंह, प्रोफेसर उमाशंकर प्रसाद, डॉ आनंद कुमार चौधरी, श्री राम कुशवाहा आदि प्राध्यापक एवं कर्मचारियों तथा अध्ययन केंद्र के शिक्षार्थी उपस्थित रहे।

### गंगा में डूबने से पूर्व प्रधान प्रतिनिधि की मौत



**बलिया।** जिले के फेफना थाना क्षेत्र के आर्दश नगर सागरपाली निवासी पूर्व प्रधान प्रतिनिधि वंशीधर सिंह दाऊ उम्र 55 दियारा के सटे बड़ी गंगा में डूबने से मौत हो गई। वंशीधर सिंह दाऊ दियारा में खेती के सिलसिले में गए हुए थे। शाम तक जब उनका मोबाइल स्वीच आफ बताने लगा तो परिजनों ने ढूंढना शुरू किया। इसबीच किसी ने बताया कि गंगा में डूबे हैं, देखते ही गंगा घाट पर सैकड़ों की संख्या में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। सूचना पर पहुंची पुलिस गोताखोरों के माध्यम से शव को बरामद किया। पंचानामा के बाद शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेज दिया। उधर मौत की सूचना गांव में फैलते ही अगल-बगल गांव के लोगों का हुजूम उनके घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त किया। वंशीधर सिंह उर्फ दाऊ जी मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे।

### भाजपा नेता पर हमला करने के आरोपी को देवल गांव के पास से गिरफ्तार किया

**गाजीपुर।** गहमर पुलिस ने भाजपा नेता पर हमला करने के आरोपी को देवल गांव के पास से शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के सहयोग से स्वाट टीम प्रभारी राम आश्रय राय और सुहवल थाने की पुलिस ने संयुक्त रूप से दबिश देकर फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पकड़े गए आरोपी पर थाने में दर्ज छिनैती, छेड़खानी, बलवा आदि सहित विभिन्न धाराओं के मुकदमे में फरार चल रहे आरोपित मदन यादव निवासी गांव अधियरा थाना सुहवल को शुक्रवार की देर रात को संबोधित धाराओं में चालान कर दिया। प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि पुलिस आरोपित की तलाश कर रही थी, मगर उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा था। वह लगातार फरार चल रहा था। इसी बीच स्वाट टीम को सूचना मिली कि गहमर थाना के देवल कर्मनाशा ?? के रास्ते आरोपित बिहार भागने के फिराक में है। प्रभारी स्वाट के सूचना पर देवल पुलिस चौकी के पास घेराबंदी कर दिया गया। तब तक प्रभारी निरीक्षक सुहवल तारावती यादव, उपनिरीक्षक रामबाबू सिंह, कां जितेन्द्र कुमार, स्वाट टीम प्रभारी रामाश्रय राय हमराह संग मौके पर पहुंचकर ग्रे और उसे पकड़ लिया गया। थाना सुहवल के निवासी गांव अधियारां में बीते छह नवंबर की देर रात्रि को पूर्व प्रधान प्रधान मदन यादव व उनके समर्थकों ने भाजपा सुहवल मंडल के शक्ति केन्द्र के संयोजक के घर घुसकर चुनावी रंजीश को लेकर लाठी डंडा, लोहे का राड, ईंट पत्थर आदि से हमला कर दिया था। जिसमें भाजपा शक्ति केन्द्र के संयोजक,जयप्रकाश कुशवाहा सहित उनकी पत्नी भाजपा मंडल मंत्री सरिता कुशवाहा, भाई ओमप्रकाश सिंह, बहन सुमन, मां भगवती देवी और पिता राजेन्द्र गम्भीर रुप से घायल हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को? जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जिसमें ओमप्रकाश सिंह कुशवाहा की गम्भीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। घायल जयप्रकाश की तहरीर पर पुलिस ने प्रधान मदन यादव सहित एक दर्जन से अधिक नामजद व आधा दर्जन अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास, छिनैती, छेडखानी, बलवा आदि संगीन धाराओं में मुकदमा दर्जकर कर तलाश में जुट थी।

### बाल शोषण के विरोध दिवस पर माउंट लिट्रा जी स्कूल द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन

**गाजीपुर।** राष्ट्र का भविष्य और समाज का दर्पण हमारे बच्चे ही है। बच्चों के साथ किसी भी प्रकार का शारीरिक, लैंगिक या भावनात्मक दुर्व्यवहार बाल उत्पीड़न माना जाता है। बाल शोषण समाज द्वारा सामना की जानेवाली बुराइयों में से सबसे अधिक है। इस विचार को दशार्ते हुए बाल शोषण के विरोध दिवस के अवसर पर शहर के बँधवा पीनगर स्थित माउंट लिट्रा जी स्कूल की तरफ से एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ माउंट लिट्रा जी स्कूल के डायरेक्टर श्री मोहित श्रीवास्तव एवं प्रधानाचार्य डा० राजेश कारकून ने संयुक्त रूप से ध्वज दिखाकर किया। यह जागरूकता रैली कचहरी से प्रारंभ होकर महुआबाग होते हुए मिश्रबाजार तक गई। माउंट लिट्रा जी स्कूल द्वारा आयोजित इस रैली का मुख्य उद्देश्य बाल शोषण के विरोध में लोगों को अवगत कराना था। +.रैली के दौरान विद्यालय के बच्चों के हाथ में बैनर थे।

# मार्शल आर्ट 'क्वान की डो' सूबे सहित पूरे देश में तेजी से हो रहा प्रचलित : डीएम

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिले के सैदपुर तहसील क्षेत्र के बासुपुर स्थित वेद इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में राज्य स्तरीय क्वान की डो प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि जिला अधिकारी आर्यका अखोरी व विशेष अतिथि पुलिस कप्तान ओमवीर सिंह ने प्रदेश भर से आए खिलाड़ियों व उनके प्रशिक्षकों से परिचय प्राप्त किया। मुख्य अतिथि ने बताया कि क्वान की डो एक वियतनामी मार्शल आर्ट है और इस खेल की विधा को उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में तेजी से प्रचलित हो रहा है। उत्तर प्रदेश क्वान की डो एसोसिएशन के महासचिव अमित कुमार सिंह ने बताया कि यह प्रतियोगिता आज से आरंभ हुई है। जिसमें मेजबान, गाजीपुर, बलिया,



प्रतियोगिता का शुभारंभ करती डीएम, एसपी व अन्य

अलीगढ़, जौनपुर, चैंदौली, वाराणसी, अलीगढ़, रायबरेली, मिजार्पुर, भदोही आदि जिलों से करीब 400 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर तहसीलदार सैदपुर नीलम उपाध्याय, उपजिलाधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता, अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत सैदपुर आशुतोष त्रिपाठी, वेद इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन अनिल श्रीवास्तत्व, विनीत जायसवाल, डॉ. आशीष मिश्रा, आशुतोष सिंह, भुवनेश कुमार, अब्दुल मलिक खान आदि उपस्थित थे। प्रबंध निदेशक पंकज श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त किया।

### राष्ट्रीय जूनियर गेम महिला बास्केटबॉल में कोपागंज की बेटी नैंसी ने रजत पदक हासिल कर बढ़ाया मऊ का मान

**केटी न्यूज/मऊ**

राष्ट्रीय जूनियर गेम महिला बास्केटबाल में कोपागंज निवासी राजेश गुप्ता की बड़ी बेटी नैंसी गुप्ता ने रजत पदक जीत कर जिले का नाम रोशन किया। नैंसी गुप्ता इस समय महिला राष्ट्रीय सीनियर बास्केट बॉल गेम वर्तमान में आगरा के एकलव्य स्टेडियम में कैंप कर रही है। इस अवसर पर अखिल भारतीय साहू वैश्य महासभा के मंडल अध्यक्ष सह पत्रकार गुलाब चन्द गुप्ता ने कहा कि बेटियां किसी भी मामले में बेटों से कम नहीं हैं। यदि उनके हुनर की पहचान करते हुए उन्हें आगे बढ़ने दिया जाए, तो वे हर क्षेत्र में खुद को साबित कर सकती हैं। जिसका सबूत आज नैंसी ने दे दिया है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि वो बेटियों को आगे बढने का मौका दें। महासभा के जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, जिला महामंत्री ओम प्रकाश गुप्ता एडवोकेट, धर्मेंद्र गुप्ता, विजय गुप्ता, समाजसेवी पत्रकार ओम प्रकाश गुप्ता, फतेहभादुर गुप्ता पत्रकार, गोपाल जी गुप्ता, विपिन गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, गोपाल शरण साहू, युवा व्यवासायी कर्मेंद्र गुप्ता, राजीव गुप्ता राजू, गणेश गुप्ता एडवोकेट, मनोज गुप्ता एडवोकेट, रामबदाई गुप्ता आदि ने नैंसी गुप्ता को बधाई दी है।

# आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का तीन दिनों में करें निस्तारण : डीएम

- संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनी पीड़ितों की फरियाद
- पोर्टल पर आए मामलों की समीक्षा करेगा शासन, लापरवाही पर संबंधित अधिकारी जिम्मेदार

**केटी न्यूज/गाजीपुर**


लोगों की समस्याओं को सुनती डीएम व एसपी

जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सैदपुर में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिसमें 178 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए और मौके पर 11 का निस्तारण किया गया। मौके पर जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायत/प्रार्थना पत्रों का संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अविलम्ब मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारण करायी जाए। उन्होंने सावजनिक भूमि, तालाब, सरकारी भूमि, ग्राम समाज के भूमि पर अवैध अतिक्रमण को एक अभियान चलाकर अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश दिया। उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को आगामी तीन दिवस में शत-प्रतिशत निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इसकी समीक्षा सीधे शासन स्तर से होती है। इसमें लापरवाही पर संबंधित अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होंगे। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सैदपुर, क्षेत्राधिकारी सैदपुर, तहसीलदार सैदपुर व समस्त जनपदस्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**चार मामलों का मौके पर ही किया निस्तारण :** जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए सभी तहसीलों की सूचना के मुताबिक सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 467 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए। जिसमें मौके पर 41 शिकायत/प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। इसी क्रम में तहसील कासिमाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 61 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए। जिसमें चार का मौके पर निस्तारण किया। तहसील जमानियां में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 38 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से तीन का मौके पर निस्तारण किया गया। सदर तहसील में अपर जिलाधिकारी विरा की अध्यक्षता में 39 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके 12 का निस्तारण किया गया। तहसील मुहम्मदाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 28 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से दो का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील सेवराई में तहसीलदार की अध्यक्षता में 41 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर चार का निस्तारण किया गया एवं तहसील जखनियां में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 82 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त पांच का मौके पर निस्तारण किया गया।

### डीएम के औचक निरीक्षण के बाद मचा हड़कंप

**गाजीपुर।** जिले के डीएम आर्यका अखौरी ने बीते दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मुहम्मदाबाद का औचक निरीक्षण किया। सर्वप्रथम उन्होंने वर्षों से खराब पड़ी एक्स-रे मशीन एवं पेयजल के लिए बाहर लगे आरो प्लांट जो काफी दिनों से खराब पड़ा था। इसके बारे में अधीक्षक से जानकारी लिया। इसके बाद उन्होंने लेबर रूम, सर्जिकल वार्ड, पैथोलॉजी एवं मरीजों को भर्ती किए जाने वाले वार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण में कई जगहों पर गंदगी एवं सर्जिकल वार्ड में अंधेरा और दीवारों पर लगे टूटे हुए टाइल्स को देख उन्होंने मौके पर उपस्थित अधीक्षक आशीष राय को इस बाबत हिदायत दिया। इसके बाद उपस्थित जांचने के लिए रजिस्टर मंगाया। इससे स्वास्थ्य कर्मियों में अफरा-तफरी मच गई। पिछले दिनों डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने अपने निरीक्षण के बाद इस सीएचसी पर आए मरीजों से वार्ता के दौरान मिली गड़बड़ी पर उन्होंने सीएमओ को कड़ी फटकार लगाई थी तथा गड़बड़ी को तुरंत दुरुस्त करने के कड़े निर्देश जारी किए गए। इसके बाद जिला अधिकारी आर्यका अखौरी के रडार यह स्वास्थ्य केंद्र आ गया। इस सीएचसी की शिकायतों की जांच अपने स्तर से मुख्य विकास अधिकारी से कराई। इस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी को रिपोर्ट पेश किया गया।

### अगलगी के कारण जली झोपड़ी, सभी सामान हुए राख



**मऊ।** कोपागंज क्षेत्र के गांव रेवरीडीह के राजभर बस्ती में शनिवार की शाम अज्ञात कारणों से एक झोपड़ी में आग लग गयी। देखते देखते पूरी झोपड़ी धूं-धूंकर जलने लगी। जिसे स्थानीय लोगों की मदद से किसी प्रकार एक घंटे के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सके। तब तक झोपड़ी में रखे सारे सामान जलकर राख हो गए। कोपागंज क्षेत्र के ग्राम सभा रेवरीडीह के राजभर बस्ती निवासी संतोष राजभर पुत्र सुदामा राजभर मजदूरी का कार्य करते हैं। शनिवार को वह कहीं घर के बाहर मजदूरी के लिए गए थे तथा उनकी पत्नी अपने बच्चों के साथ अपने मड़ई में ताला लगाकर खेत गयी थी।अगलगी की खबर सुन कुछ देर में राजस्व कर्मी भी मौके पर पहुंच क्षति के आंकलन में जुट गए।

## विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने किया विरोध सभा

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



अपनी मांगों को लेकर विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने लालदारवाजा पावर हाउस पर विरोध सभा किया। जिसमें जिला संयोजक निर्भय सिंह ने बताया कि बिजली कर्मचारियों, अवर अभियंताओं व अभियंताओं की न्याय संगत समस्याओं का समाधान किए जाने के लिए विरोध सभा किया गया।

जिसमें उत्तर प्रदेश ऊर्जा निगमों में शीर्ष ऊर्जा प्रबंधन की स्वेछाचारित विभाग के सेवा नियमों व श्रम अधिनियमों एवं मानवाधिकारों के कानून के इतर कार्मिकों से कार्य लिए जाने, अव्यवहारिक लक्ष्यों के आधार पर समीक्षा कर बड़े पैमाने पर मनमाने ढंग से उत्पीड़न कर ऊर्जा निगमों में शिखर प्रबंधन द्वारा तानाशाही रवैया अपनाकर औद्योगिक शांति को भंग करने के अलोकतांत्रिक प्रयास पर तत्काल रोक लगाई जाए।

सह संयोजक अभिषेक राय ने बताया कि सभी बिजली कर्मचारियों एवम अभियंताओं को पूर्व की भांति 9 वर्ष कुल 14 वर्ष एवम कुल 19 वर्ष की सेवा के उपरांत पदोन्नत पद के समयबद्ध वेतमान प्रदान किए जाए। वही सभी बिजली कर्मियों /सेवा निवृत कर्मियों को कैशलेश इलाज की सुविधा प्रदान सहित इलेक्ट्रिसिटी रिफार्म एक्ट 1999 ट्रांसफर स्कीम 2000 एवम 25 जनवरी 2000 को उ० प्र० सरकार एवम विद्युत कर्मचारी सयुक्त संघर्ष समिति के मध्य हुवे समझौते के अनुसार बिजली कर्मियों को मिल रही रियाती बिजली की सुविधा ( एलएमवी-10) पूर्ववत जारी रखी जाय। वही जिला संयोजक निर्भय सिंह कहा की 21 नवंबर 2022 को विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति समस्त जनपद पर शाम 3 बजे से 5 बजे तक विरोध सभा होगी एवम 22 नवंबर को समस्त जनपद मुख्यालय पर जन प्रतिनिधियों को ज्ञापन दिया जायेगा।

### पीजी कॉलेज में प्रवेश के लिए छात्रों को अंतिम अवसर

**गाजीपुर।** पीजी कॉलेज गाजीपुर द्वारा स्नातक स्तर पर संचालित होने वाले कुछ पाठ्यक्रमों में छात्रों को दाखिले के लिए एक अंतिम अवसर प्रदान कर रहा है।महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफे० (डॉ०) राघवेन्द्र कुमार पांडेय ने बताया कि जो भी छात्र किन्हीं कारणों से प्रवेश परीक्षा का फॉर्म नहीं भर पाए थे या जो भी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पाए थे। ऐसे विद्यार्थियों को पुनः प्रवेश का मौका दिया जा रहा है। इन विद्यार्थियों को विषय वार संबंधित विभाग में संपर्क कर अपना दाखिला कराना होगा। बी.ए. में एडमिशन के इच्छुक छात्रों को भूगोल विभाग से सम्पर्क करना होगा। बी.एस-सी. गणित पाठ्यक्रम के छात्रों को रसायन विज्ञान विभाग, बी.एस-सी. बायोलॉजी के लिए वनस्पति विज्ञान विभाग और बी.पी.ई. में एडमिशन के लिए बी.पी.ई. विभाग में संपर्क करना होगा ।प्राचार्य प्रोफे० (डॉ०) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि जिन भी छात्रों को यूजी स्तर के इन पाठ्यक्रमों में एडमिशन लेना है।

### मछली व्यापार के लिए भी मंडी में चिह्नित करें स्थान : जिलाधिकारी

**केटी न्यूज/बलिया**

जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने बलिया व चितबड़ागांव की मंडी समिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फल, सब्जी और गल्ला मंडी में भ्रमण कर वहां की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मंडी सचिव अजय प्रताप सिंह से वहां की साफ सफाई, पानी,सड़क और रखरखाव की व्यवस्था की जानकारी ली। निर्देश दिया कि मंडी में मछली व्यापारियों के लिए भी स्थान चिन्हित किया जाए, ताकि मछली व्यापारियों को भी व्यापार करने का अवसर मिले। जिलाधिकारी ने तिखमपुर मंडी में आवक की स्थिति के बारे में जानकारी ली और दुकानदारों से बातचीत की। दुकानदारों ने जिलाधिकारी को बताया कि उन्हें हर तरह की सुविधाएं प्रशासन की तरफ से मिल रही है और उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत नहीं है।



चितबड़ागांव मंडी के निरीक्षण के दौरान मंडी सहायक कमलेश रावत ने बताया कि पहले यहां पर बहुत बड़ी मात्रा में मसूर की मंडी लगती थी, लेकिन मसूर का उत्पादन बलिया में कम होने के कारण अब यह फुटकर मंडी के रूप में ही सिमट कर रह गई है। जिलाधिकारी ने वहां पर साफ-सफाई, पानी और सड़क की व्यवस्था देखी। उन्होंने मंडी सचिव को निर्देश दिया कि मंडी के सड़क का पुनर्निर्माण किया जाए। जिलाधिकारी ने मंडी स्थल में बने भवनों का भी निरीक्षण किया।

# एक महान साहित्यकार को अपने जीवन में होना पड़ता है विषपाई : डॉ. राय

- जयंती पर याद किए गए डॉ. विवेकी राय

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

भोजपुरी और हिंदी साहित्य के मूर्धन्य साहित्यकार डॉ. विवेकी राय की जयंती भारतीय रेल प्रशिक्षण संस्थान में मनाई गई। कार्यक्रम के शुरूआत में रेल प्रशिक्षण संस्थान में स्थापित उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर लोगों ने उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया। डॉ. राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण के उपरांत रेल संस्थान के सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के साहित्यकारों



और विद्वानों ने डॉ. विवेकी राय के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में व्यास मुनि राय ने विवेकी राय के संपूर्ण व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. राय मानते थे कि एक महान साहित्यकार को विषपाई होना पड़ता है। संपूर्ण विश्व उसके लिए एक परिवार की तरह होता है। रेल प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य एस के राय ने डॉ. विवेकी राय जी के बारे में बताते हुए कहा कि उनके नाम पर रेल प्रशिक्षण संस्थान में मूर्ति के साथ-साथ एक पुस्तकालय भी स्थापित है जिसमें उनकी यादों को संजो कर रखा गया है। अवथहीं इंटर कॉलेज के प्राचार्य प्रेम शंकर राय ने उनसे जुड़े संस्मरण साझा किए। उनकी शिष्या डॉ. शकुंतला राय ने विद्यार्थी जीवन से जुड़े हुए अनेक संस्मरण सुनाएं और कहा कि वह अत्यंत सहृदय और मृदुभाषी थे।

डॉ. बी डी मिश्रा ने कालेज के दौरान उनके साथ बिताई यादों को साझा करते हुए कई संस्मरण सुनाए और बताया कि हमने कभी उनको क्रोध करते हुए नहीं देखा। विवेकी राय पर काव्य पाठ करते हुए साहित्यकार एवं अधिवक्ता सीताराम राय ने कहा कि ह्लरोज-रोज तो रहते बानी संगत में अविवेकी के, एको दिन त संगत क लीं डाक्टर राय विवेकी केह्व। विवेकी राय जी का जन्म शताब्दी समारोह 2024 में मनाने के परिपेक्ष में साहित्यकार श्रीराम राय ह्यकमलेशह्न ने बताया कि 2024 में उनके जन्म शताब्दी समारोह को भव्य रूप से मनाने के लिए साहित्य अकादमी नई दिल्ली के द्वारा विविध आयोजन किए जाने तथा उनके कृतित्व व्यक्तित्व पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म निर्माण के लिए रूपरेखा तय की गई है। डॉ श्रीकांत पाण्डेय ने बताया कि डॉ विवेकी राय से जो भी एक बार मिला वह उनका होकर रह गया।

आज के कार्यक्रम का संयोजन प्रेस क्लब के सचिव शिवेंद्र पाठक और उपाध्यक्ष श्रीराम राय ह्यकमलेशह्न ने किया। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार और केन्द्रीय विद्यालय गाजीपुर के हिन्दी प्रवक्ता नीरज राय ने तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ विनीता राय ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ रामाश्रय राय, केशव राय, कुंदेन्दु आनंद राय, डॉ जयश्री श्री, दिनेश चंद्र राय, यशवंत राय, अभिषेक सिंह, डॉ गिरजा राय, माया राय, सच्चिदानंद राय, संतोष राय, संजय यादव अच्युतानंद राय आदि उपस्थित रहे।